उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

# बी पी एस न्यूज

सच का साथी.....

www.bpsnews.in

वर्षः 10 || अंकः52 || पृष्ठः 8 || मूल्य 2:00/- रुपए || कानपुर || सोमवार || 26 जनवरी-2026




अंदर के पृष्ठ पर | मुठभेड़ में घायल हुआ महिला दरोगा का लुटेरा, पैर में लगी गोली 8 | व्यापारी के बेटे का अपहरण, फिरौती न मिलने पर हत्या 5

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति का संदेश

## यह देश की स्थिति पर विचार करने का अवसर



» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 77वें गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर रविवार को राष्ट्र के नाम संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, हम हम, भारत के लोग देश और विदेश में उत्साह के साथ गणतंत्र दिवस मनाने जा रहे हैं।

गणतंत्र दिवस का यह पावन अवसर हमें हमारे देश के अतीत, वर्तमान और भविष्य की स्थिति और दिशा पर विचार करने का अवसर देता है। हमारे स्वतंत्रता संग्राम की ताकत ने 15 अगस्त 1947 को हमारे देश की स्थिति बदल दी। भारत स्वतंत्र हुआ। हम अपने राष्ट्र के भाग्य के स्वयं निर्माता बन गए। 26 जनवरी 1950 से हम अपने गणराज्य को सांविधानिक आदर्शों की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उस दिन हमारा संविधान पूरी तरह लागू हुआ। भारत, जो लोकतंत्र की जन्मभूमि है, शासन प्रणाली से मुक्त हुआ और हमारा लोकतांत्रिक गणराज्य अस्तित्व में आया। हमारा संविधान विश्व इतिहास के सबसे बड़े गणराज्य की आधारशिला है। संविधान में निहित न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भ्रातृत्व के आदर्श हमारे गणराज्य को परिभाषित करते हैं। संविधान के निर्माता देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को संविधानिक प्रावधानों के माध्यम से मजबूत आधार प्रदान करने में सफल रहे हैं।

उन्होंने कहा, राष्ट्रीय महाकवि सब्रमण्यम भारती ने तमिल भाषा में वंदे मातरम येन्बोम अर्थात हम वंदे मातरम बोलें इस गीत रचना करके वंदे मातरम की भावना को और भी व्यापक स्तर पर जनमानस के साथ जोड़ा। अन्य भारतीय भाषाओं में भी इस गीत के अनुवाद लोकप्रिय हुए।

श्री ऑरबिंदो ने वंदे मातरम का अंग्रेजी अनुवाद किया। ऋषितुल्य बंकिंम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित वंदे मातरम हमारी राष्ट्र-वंदना का स्वर है। आज से दो दिन पहले यानी 23 जनवरी को देशवासियों ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के दिन उन्हें सादर श्रद्धांजलि अर्पित की। वर्ष 2021 से नेताजी की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि देशवासी, खासकर युवा, उनकी अदम्य देशभक्ति से प्रेरणा प्राप्त करें। नेताजी सुभाष चंद्र बोस का नारा जय हिंद हमारे राष्ट्र-गौरव का उद्घोष है।

# बांग्लादेश में फिर उपद्रव हिंदू युवक को जिंदा जलाया

### नरसिंदी में सोते वक्त गैराज को बनाया गया आग का गोला, वीडियो आया सामने

» बांग्लादेश के नरसिंदी जिले में हिंदू युवक को जिंदा जलाने का आरोप

» गैराज में सोते वक्त शटर पर पेट्रोल डालकर लगाई गई आग

» मृतक चंचल चंद्र भौमिक (23), परिवार का एकमात्र कमाने वाला

» आग लगाते हुए व्यक्ति का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

» फायर सर्विस ने एक घंटे बाद आग पर पाया काबू








» बीपीएस न्यूज

ढाका। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हिंसा का एक और सनसनीखेज मामला सामने आया है। नरसिंदी जिले के मस्जिद मार्केट इलाके में 23 वर्षीय हिंदू युवक चंचल चंद्र भौमिक की जिंदा जलाकर हत्या किए जाने का आरोप है। युवक का जला हुआ शव आग बुझने के बाद गैराज के भीतर से बरामद हुआ।चंचल कुमिल्ला जिले के लक्ष्मीपुर गांव का निवासी था और कई वर्षों से नरसिंदी में एक गैराज में काम कर वहीं रह रहा था। वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। स्थानीय सूत्रों के अनुसार,

शुक्रवार देर रात जब वह गैराज के अंदर सो रहा था, तभी बाहर से शटर पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी गई। आग कुछ ही मिनटों में पूरे गैराज में फैल गई।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति को दुकान के बाहर आग लगाते हुए देखा जा सकता है। सूचना पर पहुंची फायर सर्विस ने करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक चंचल की मौत हो चुकी थी।

परिजनों ने इसे पूर्व नियोजित हत्या बताते हुए दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और मामले में साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं। घटना के बाद इलाके में तनाव है और हिंदू समुदाय ने सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है।

## विजय अमृतराज को पद्म भूषण, रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर को पद्म श्री सम्मान, कुल 8 खिलाड़ी होंगे सम्मानित




नई दिल्ली। महान टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज, विश्व कप विजेता कप्तान रोहित शर्मा और हरमनप्रीत कौर उन प्रमुख खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें रविवार को 2026 के लिए घोषित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विजय अमृतराज इस वर्ष पद्म भूषण पाने वाले एकमात्र खिलाड़ी रहे।

यह भारत का तीसरा सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जो एमेच्योर और शुरुआती ओपन युग के दौरान भारतीय टेनिस को वैश्विक पहचान दिलाने में उनके अग्रणी योगदान के लिए दिया गया।

पूर्व डेविस कप स्टार अमृतराज को इससे पहले 1983 में पद्म श्री और 1974 में अर्जुन पुरस्कार मिल चुका है। उन्होंने विम्बलडन और अमेरिकी ओपन में एकल वर्ग के क्वार्टर फाइनल में दो-दो बार जगह बनाई थी और बाद में विभिन्न प्रशासनिक व राजदूत जैसी भूमिकाओं में भारतीय खेल की सेवा की। पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और 2025 महिला वनडे विश्व कप विजेता कप्तान हरमनप्रीत कौर उन कई खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें भारत के चौथे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म श्री के लिए चुना गया।

रोहित शर्मा को यह सम्मान भारतीय पुरुष क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण नेतृत्व चरण के बाद मिला है। कप्तान के रूप में उन्होंने भारत को दो आईसीसी खिताब दिलाए जिसमें 2024 में टी20 विश्व कप और 2025 में चैंपियंस ट्रॉफी शामिल है। टी20 विश्व कप जीतने के बाद रोहित ने इस प्रारूप से संन्यास ले लिया और 2025 में टेस्ट क्रिकेट को भी अलविदा कह दिया जबकि वह वनडे क्रिकेट में खेल रहे हैं। हरमनप्रीत कौर को भारतीय महिला क्रिकेट के लिए ऐतिहासिक वर्ष के बाद पद्म श्री मिला। 2025 में उन्होंने घरेलू धरती पर भारत को पहली बार आईसीसी महिला विश्व कप खिताब दिलाया।

## पद्म पुरस्कारों का एलानः धर्मेंद्र को पद्म विभूषण, शिबू सोरेन को पद्म भूषण, रोहित को पद्म श्री

» 19 महिलाएं और 16 लोगों को मरणोपरांत सम्मान

» बीपीएस न्यूज

नई दिल्ली। कुल 131 पद्म पुरस्कार की सूची में पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में 19 महिलाएं हैं, जबकि इस सूची में विदेशी नागरिकों, अनिवासी भारतीयों, भारतीय मूल के व्यक्तियों और भारत के प्रवासी नागरिकों की श्रेणी में छह लोग भी शामिल हैं, साथ ही




16 लोगों को मरणोपरांत सम्मानित किया गया है।

केरल के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता वी. एस. अच्युतानंदन व दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र को वर्ष 2026 के लिए देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से मरणोपरांत सम्मानित किया जाएगा। लोक कार्यों के क्षेत्र में योगदान के लिए पूर्व सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश के. टी. थॉमस, कला के क्षेत्र में हिंदुस्तानी शास्त्रीय संगीत की प्रख्यात गायिका और वायलिन वादक एन. राजम, तथा साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में वरिष्ठ मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को भी पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा।

## नाबालिग किशोरी के अपहरण व यौन उत्पीड़न के तीन आरोपी गिरफ्तार

परिजनों ने बताया पूर्व नियोजित हत्या

» बीपीएस न्यूज

गोरखपुर। गोरखनाथ थाना क्षेत्र से नाबालिग किशोरी के अपहरण और यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया है। पीड़िता के अनुसार, वह बीते छह माह से शाहपुर क्षेत्र के एक किशोर के संपर्क में थी। एक जनवरी को वह घर से निकलकर किशोर और उसके एक साथी के साथ गीडा के नौसड़ स्थित एक होटल पहुंची, जहां कुछ समय बाद किशोर उसे वहीं छोड़कर चला गया।

पीड़िता का आरोप है कि होटल में रुकने के दौरान होटल मालिक और मैनेजर ने उसके साथ यौन उत्पीड़न किया और धमकाकर उसे बंधक बनाए रखा। बाद में तबीयत खराब होने पर उसे दवाएं दी गई और बड़हलगंज स्थित एक स्पा सेंटर भेज दिया गया, जहां स्पा संचालक द्वारा भी शोषण किए जाने का आरोप है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में मानव तस्करी से जुड़े पहलुओं की भी जांच की जा रही है।पुलिस के अनुसार, अब तक होटल मालिक समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि किशोर को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पीड़िता का बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज कराया जाएगा। वहीं परिजनों ने गुमशुदगी की सूचना के बाद कार्रवाई में देरी का आरोप लगाया है। वरिष्ठ अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद मेडिकल परीक्षण कराया गया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## एसआईआर की प्रक्रिया में बंगाली उपनामों को लेकर छिड़ा विवाद

» मैं अंग्रेजी में बनर्जी और बांग्ला में बंद्योपाध्याय लिखती हूँ –ममता

» बीपीएस न्यूज

कोलकाता। बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) की प्रक्रिया में अजीबोगरीब समस्या आ खड़ी हुई है। चुनाव आयोग के सॉफ्टवेयर द्वारा तार्किक विसंगतियां पकड़े जाने के बाद लाखों लोग सुनवाई केंद्रों पर कतार में हैं।

इनमें ऐसे बहुत से लोग हैं, जिन्हें बंगाली उपनाम के कारण सुनवाई में हाजिर होना पड़ रहा है। मामला सदियों पुराने बंगाली उपनामों के छोटे और बड़े रूपों के बीच अंतर का है। दरअसल, चुनाव आयोग का सॉफ्टवेयर उन लोगों पर सवाल उठा रहा है, जिनके उपनाम पिछली पीढ़ियों की तुलना में बदल गए हैं। उदाहरण के लिए, किसी के दादा का उपनाम मुखोपाध्याय था और पोते ने अपना नाम मुखर्जी दर्ज



कराया है तो सॉफ्टवेयर इसे बेमेल उपनाम मानकर नोटिस जारी कर रहा है। यही स्थिति अन्य प्रमुख बंगाली उपनामों के साथ भी है। मसलन, बंद्योपाध्याय की जगह बनर्जी, चट्टोपाध्याय की जगह चटर्जी, गंगोपाध्याय की जगह गांगुली व भट्टाचार्य की जगह भट्टाचार्जी। इतिहास के जानकारों का कहना है कि ब्रिटिश शासन के दौरान उच्चारण और दस्तावेजीकरण की सुगमता के लिए लंबे बंगाली उपनामों को छोटा कर दिया गया था। आज की पीढ़ी अधिकतर इन छोटे रूपों का ही उपयोग करती है, जिसे अब चुनाव आयोग एक त्रुटि के रूप में देख रहा है। इस मुद्दे पर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। नेताजी जयंती के एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने चुनाव आयोग पर निशाना साधते हुए कहा कि यह बंगाल की संस्कृति और पहचान को कमतर आंकने की कोशिश है। मुख्यमंत्री ने अपना उदाहरण देते हुए कह कि मैं अंग्रेजी में ममता बनर्जी लिखती हूं और बांग्ला में ममता बंद्योपाध्याय। इसमें क्या समस्या है? अगर आज सुभाष चंद्र बोस जीवित होते तो शायद उन्हें भी सुनवाई के लिए बुला लिया जाता और उनकी नागरिकता पर सवाल उठा दिए जाते।

हाजरा इलाके के निवासी स्पंदन भट्टाचार्जी जैसे कई मतदाता इसे लेकर परेशान हैं। उन्हें 29 जनवरी को सुनवाई के लिए बुलाया गया है क्योंकि उनके पिता का नाम 2002 की सूची में अशोक भट्टाचार्य दर्ज है। उन्होंने कहा कि यह सर्वविदित है कि ये दोनों नाम एक ही हैं, लेकिन चुनाव आयोग के अधिकारी इसे स्वीकार करने के बजाय अनिवार्य सुनवाई का दबाव बना रहे हैं।

## पंजाबियों के खून में बसी है बलिदान की भावना : भगवत मान सिंह

पटियाला।पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शनिवार को कहा कि त्याग और बलिदान की भावना पंजाबियों के खून में बसी है तथा वे देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने को तैयार हैं, चाहे वे कहीं भी जाएं। मान ने महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस पर आयोजित हिंद दी चादर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

इस दो-दिवसीय शहीदी समागम कार्यक्रम में लगभग 10 लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।मान ने कहा, ''पंजाबियों ने देश के लिए अपनी जान कुर्बान करने में हमेशा तत्परता दिखाई है।

## एसआईआर पर बर्धमान में बवाल- रेल की पटरियों पर लेटे प्रदर्शनकारी, घंटों थमी रही रफ्तार



» बीपीएस न्यूज

कोलकाता। मतदाता सूची के पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर उपजा जनाक्रोश अब सड़कों से निकलकर रेल की पटरियों तक पहुंच गया है। शनिवार को बर्धमान रेलवे स्टेशन पर उस समय भारी अफरा-तफरी मच गई, जब स्थानीय लोगों ने एसआईआर प्रक्रिया में उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए रेल चक्का जाम कर दिया। प्रदर्शनकारी हाथों में तिरंगा लेकर रेल पटरियों पर लेट गए, जिससे हावड़ा-बर्धमान मुख्य रेल खंड पर ट्रेनों के पहिए थम गए और हजारों यात्री बीच रास्ते में बेहाल रहे। शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे प्रदर्शनकारियों का जत्था अचानक स्टेशन परिसर में दाखिल हुआ। बांग्लादेशी पकड़ने के नाम पर परेशान करने का आरोप लगाते हुए भीड़ उग्र हो गई। पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल के जवान जब तक कुछ समझ पाते, प्रदर्शनकारी प्लेटफार्म से नीचे उतरकर पटरियों पर कब्जा कर चुके थे। इस अवरोध के कारण कई लोकल और एक्सप्रेस ट्रेनें करीब आधे घंटे से अधिक समय तक विभिन्न स्टेशनों पर खड़ी रहीं। प्रदर्शन में शामिल लोगों का गुस्सा प्रशासन की कार्यप्रणाली को लेकर था। एक प्रदर्शनकारी ने कड़े लहजे में कहा कि हम पुश्तैनी यहीं के रहने वाले हैं। बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान के नाम पर हमें बार-बार केंद्रों पर बुलाकर अपमानित किया जा रहा है। वही दस्तावेज बार-बार दिखाने के बाद भी हमें संदिग्ध माना जा रहा है, जिसे हम कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। रेल रोको आंदोलन के कारण सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को हुई जो दफ्तर, अस्पताल या जरूरी काम से निकले थे। अवरोध के कारण अटके यात्री ने दर्द बयां करते हुए कहा कि अगर प्रशासन से शिकायत है, तो उनके कार्यालय का घेराव करें। रेल रोककर आम जनता को सजा देना कहां का न्याय है?

बी पी एस न्यूज परिवार की ओर से सभी देशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



संपादक
(बी.पी.साहू)
मो-8423454502,
व्हाटसअप-9335908846




बी पी एस न्यूज लेटेस्ट खबरें पढ़ने व देखने के लिए लॉगिन करें
www.bpsnews.in

# अपनी बात....

संपादकीय ............

## अर्थव्यवस्था व सेहत पर घातक असर

दावोस में हाल ही में संपन्न वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम में भारतीय अर्थव्यवस्था की चर्चा के दौरान यह बात शिद्दत से उठी कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण ज्यादा घातक असर दिखा रहा है। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर और आईएमएफ की पूर्व डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ ने इकोनॉमिक फोरम में चर्चा के दौरान कहा कि व्यापार बढ़ाने की कवायद में अकसर व्यापारिक बाधाओं और नियमों की बात की जाती है, लेकिन आर्थिक तरक्की में बाधक प्रदूषण जैसे घटकों की चर्चा कम ही होती है। चर्चा में भारत में प्रदूषण की भयावहता का जिक्र करते हुए कहा गया कि भारत पर ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के मुकाबले प्रदूषण का असर ज्यादा घातक व दूरगामी है। फोरम में साल 2022 में विश्व बैंक के एक अध्ययन का हवाला दिया गया कि भारत में हर साल सत्रह लाख लोगों की मौत प्रदूषण से हो जाती है। ये आंकड़ा भारत में मरने वालों का अट्ठारह फीसदी बैठता है। जो कहीं न कहीं आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने के साथ ही बहुमूल्य जीवन भी लीलता है। कमोबेश यह घातकता जीडीपी पर भी असर डालती है। निस्संदेह, प्रदूषण से होने वाली मौतों से केवल एक परिवार ही नहीं, पूरे देश पर प्रभाव पड़ता है। देश की श्रम शक्ति का ह्रास होता है और आर्थिकी पर दूरगामी प्रभाव होते हैं। वहीं आर्थिकी पर चर्चा के दौरान यह मुद्दा भी उठा कि प्रदूषण के चलते निवेशकों के भरोसे पर भी दुष्प्रभाव होता है। इससे निवेशकों का आकर्षण कम होता है। निस्संदेह, निवेशक के मन में भय होता है कि यदि वह इसी प्रदूषित वातावरण में रहता है तो यह उसके लिये यह घातक हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि प्रदूषण की भयावह स्थिति दुनिया में किसी भी देश की छवि को नुकसान जरूर पहुंचाती है। जिससे निवेशक बेहतर विकल्प की तलाश में अन्य देशों का रुख कर सकते हैं। ऐसे में प्रदूषण के संकट को युद्धस्तर पर निपटाने की जरूरत महसूस की जा रही है।

निस्संदेह, भारत में प्रदूषण का संकट एक यथार्थ है। यह भी हकीकत है कि देश के नीति-नियंता प्रदूषण संकट के समाधान को लेकर गंभीर नजर नहीं आते। जब-जब प्रदूषण संकट गहराता है तो आग लगने पर कुआं खोदने की कवायद की जाती है। कोर्ट की फटकार व नियामक एजेंसियों की सख्ती के बाद शासन-प्रशासन हरकत में आता है। लेकिन गीता गोपीनाथ के तर्कों के कुछ अर्धसत्य भी हैं। इसमें दो राय नहीं कि अमेरिका के इशारे पर काम करने वाली वैश्विक एजेंसियां विकासशील देशों को लेकर अपनी सुविधा के हिसाब से प्रतीक-प्रतिमान गढ़ती रही हैं। आईएमएफ जैसी संस्थाओं को अमेरिकी कूटनीति के हथियार के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा है। यहां तक कि इन संस्थाओं में उच्च पदों पर बैठे भारतीय अधिकारी भी अमेरिका के सुरों में गाते नजर आते हैं। सवाल गोपीनाथ के बयान के समय का भी है जब अमेरिका न केवल भारत पर अन्यायपूर्ण टैरिफ लगा रहा है बल्कि द्विपक्षीय व्यापार समझौते को भी अपनी शर्तों के अनुरूप अंतिम रूप देने का प्रयास कर रहा है। बहरहाल, इसके बावजूद यह एक हकीकत है कि हमारे देश में प्रदूषण संकट बड़ा है, जिसे देश के नीति-नियंता गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। जिसके चलते करोड़ों भारतीयों को अपनी जमा-पूंजी अपने व परिवार के उपचार में खर्च करनी पड़ती है। निस्संदेह, प्रदूषण के खिलाफ युद्ध स्तर पर कार्रवाई करने की जरूरत है। साथ ही प्रदूषण नियंत्रण से जुड़े कानूनों को सरल बनाने की भी जरूरत है ताकि उन पर अमल आसानी से हो सके। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक करने की जरूरत है कि देश की आबोहवा सुधारने के लिये उन्हें भी कुछ त्याग करने होंगे। उन्हें अपनी विलसिता की जीवन शैली में बदलाव लाकर आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुधारना होगा। निश्चित रूप से प्रदूषण को आर्थिक चुनौती के रूप में भी देखने की जरूरत है। खासकर जब भारत खुद को वैश्विक आर्थिक और विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करने के लिये प्रयासरत है। हमारा मकसद हो कि हमारे शहर स्वच्छ रहें और नागरिकों के लिये जीवन परिस्थितियां स्वास्थ्य के अनुकूल हों।

# प्रजातंत्र को वास्तविक गणतंत्र में बदलने की जरूरत

संजय द्विवेदी

**आजादी के लगभग 8 दशक पूरे करने के बाद भारतीय गणतंत्र एक ऐसे मुकाम पर है, जहाँ से उसे सिर्फ आगे ही जाना है। अपनी एकता, अखंडता और सांस्कृतिक व नैतिक मूल्यों के साथ पूरी हुई इन 8 दशकों की यात्रा ने पूरी दुनिया के मन में भारत के लिए एक आदर पैदा किया है। यही कारण है कि हमारे भारतवंशी आज दुनिया के हर देश में एक नई निगाह से देखे जा रहे हैं। उनकी प्रतिभा का आदर और मूल्य भी उन्हें मिल रहा है। हमें सोचना होगा कि आखिर हम उस सपने को कैसा पूरा कर सकते हैं जिसे पूरे करने के लिए सिर्फ कुछ साल बचे हैं। यानि 2047 में भारत को महाशक्ति और विश्वगुरु बनाने का सपना।आजादी के लड़ाई के मूल्य आज भले थोड़ा धुंधले दिखते हों या राष्ट्रीय पर्व औपचारिकताओं में लिपटे हुए, लेकिन यह सच है कि देश की युवाशक्ति आज भी अपने राष्ट्र को उसी ज़ज्बे से प्यार करती है, जो सपना हमारे सेनानियों ने देखा था। आजादी की जंग में जिन नौजवानों ने अपना सर्वस्व निछावर किया, वही ललक और प्रेरणा आज भी भारत के उत्थान के लिए नई पीढ़ी में दिखती है।**



हमारे प्रशासनिक और राजनीतिक तंत्र में भले ही संवेदना घट चली हो, लेकिन आम आदमी आज भी बेहद ईमानदार और नैतिक है। वह सीधे रास्ते चलकर प्रगति की सीढ़ियाँ चढ़ना चाहता है। यदि ऐसा न होता तो विदेशों में जाकर भारत के युवा सफलताओं के इतिहास न लिख रहे होते। जो विदेशों में गए हैं, उनके सामने यदि अपने देश में ही विकास के समान अवसर उपलब्ध होते तो वे शायद अपनी मातृभूमि को छोड़ने के लिए प्रेरित न होते। बावजूद इसके विदेशों में जाकर भी उन्होंने अपनी प्रतिभा, मेहनत और ईमानदारी से भारत के लिए एक ब्रांड एंबेसेडर का काम किया है। यही कारण है कि साँप, सपेरों और साधुओं के रूप में पहचाने जाने वाले भारत की छवि आज एक ऐसे तेजी से प्रगति करते राष्ट्र के रूप में बनी है, जो तेजी से अपने को एक महाशक्ति में बदल रहा है। आर्थिक सुधारों की तीव्र गति ने भारत को दुनिया के सामने एक ऐसे चमकीले क्षेत्र के रूप में स्थापित कर दिया है, जहाँ व्यवसायिक विकास की भारी संभावनाएं देखी जा रही हैं। यह अकारण नहीं है कि तेजी के साथ भारत की तरफ विदेशी राष्ट्र आकर्षित हुए हैं। बाजारवाद के हो-हल्ले के बावजूद आम भारतीय की शैक्षिक, आर्थिक और सामाजिक स्थितियों में व्यापक परिवर्तन देखे जा रहे हैं। ये परिवर्तन आज भले ही मध्यवर्ग तक सीमित दिखते हों, इनका लाभ आने वाले समय में नीचे तक पहुँचेगा।

भारी संख्या में युवा शक्तियों से सुसज्जित देश अपनी आंकाक्षाओं की पूर्ति के लिए अब किसी भी सीमा को तोड़ने को आतुर है। युवाशक्ति तेजी के साथ नए-नए विषयों पर काम कर रही है, जिसने हर क्षेत्र में एक ऐसी प्रयोगधर्मी और प्रगतिशील पीढ़ी खड़ी की है, जिस पर दुनिया विस्मित है। सूचना प्रौद्योगिकी, फिल्में, कृषि और अनुसंधान से जुड़े क्षेत्रों या विविध प्रदर्शन कलाएँ हर जगह भारतीय प्रतिभाएँ वैश्विक संदर्भ में अपनी जगह बना रही हैं। शायद यही कारण है कि भारत की तरफ देखने का दुनिया का नजरिया पिछले एक दशक में बहुत बदला है। ये चीजें अनायास और अचानक घट गई हैं, ऐसा भी नहीं है। देश के नेतृत्व के साथ-साथ आम आदमी के अंदर पैदा हुए आत्मविश्वास ने विकास की गति बहुत बढ़ा दी है। भ्रष्टाचार और संवेदनहीनता की तमाम कहानियों के बीच भी विश्वास के बीज धीरे-धीरे एक वृक्ष का रूप ले रहे हैं।कई स्तरों पर बंटे समाज में भाषा, जाति, धर्म और प्रांतवाद की तमाम दीवारें हैं। कई दीवारें ऐसी भी कि जिन्हें हमने खुद खड़ा किया है और हमारा बुरा सोचने वाली ताकतें उन्हें संबल दे रही हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रश्न पर भी जब देश बँटा हुआ नज़र आता है, तो कई बार आम भारतीय का दुख बढ़ जाता है। घुसपैठ की समस्या भी एक ऐसी समस्या है जिससे लगातार नज़रअंदाज़ किया जा रहा है। किसी तरह भी वोट बैंक बनाने और सत्ता हासिल करने की होड ने तमाम मूल्यों को शीर्षासन करा दिया है। ऐसे में जनता के विश्वास की रक्षा कैसे की जा सकती है? आजादी के इतने साल के बाद लगभग वही सवाल आज भी खड़े हैं, जिनके चलते देश का बँटवारा हुआ और महात्मा गांधी जैसी विभूतियां भी इस बँटवारे को रोक नहीं पाईं। देश के अनेक हिस्सों में चल रहे अतिवादी आंदोलन, चाहे वे किसी नाम से भी चलाए जा रहे हों या किसी भी विचारधारा से प्रेरित हों। सबका उद्देश्य भारत की प्रगति के मार्ग में रोड़े अटकाना ही है। अनेक विकास परियोजनाओं के खिलाफ इनका हस्तक्षेप यह बताता है कि सारा कुछ बेहतर नहीं है। गणतंत्र को सार्थक करने के लिए हमें साधन संपन्नों और हाशिये पर खड़े लोगों को एक तल पर देखना होगा। क्योंकि आजादी तभी सार्थक है, जब वह हिंदुस्तान के हर आदमी को समान विकास के अवसर उपलब्ध कराए। कानून की नजर में हर आदमी समान है, यह बात नारे में नहीं, व्यवहार में भी दिखनी चाहिए।

गणतंत्र के बारे में कहा जाता है कि वह सौ सालों में साकार होता है। भारत ने इस यात्रा की भी काफी यात्रा पूरी कर ली है। बावजूद इसके हमें डा. राममनोहर लोहिया की यह बात ध्यान रखनी होगी कि 'लोकराज लोकलाज से चलता है।' इसी के साथ याद आते हैं पं. दीनदयाल उपाध्याय जैसे लोग, जिन्होंने एकात्म मानववाद का दर्शन देकर भारतीय राजनीति को एक ऐसी दृष्टि दी है, जिसमें आम आदमी के लिए जगह है। यह दर्शन हमें दरिद्रनारायण की सेवा की मार्ग पर प्रशस्त करता है। महात्मा गांधी भी अंतिम व्यक्ति का विचार करते हुए उसके लिए इस तंत्र में जगह बनाने की बात करते हैं। हमें सोचना होगा कि गणतंत्र के इन वर्षों में उस आखिरी आदमी के लिए हम कितनी जगह और कितनी संवेदना बना पाए हैं। प्रगति और विकास के सूचकांक तभी सार्थक हैं, जब वे आम आदमी के चेहरे पर मुस्कान लाने में समर्थ हों। क्या ऐसा कुछ बताने और कहने के लिए हमारे पास है? यदि नहीं...तो अभी भी समय है भारत को महाशक्ति बनाना है, तो वह हर भारतीय की भागीदारी से ही सच होने वाला सपना है। देश के तमाम वंचित लोगों को छोड़कर हम अपने सपनों को सच नहीं कर सकते। क्या हम इस जिम्मेदारी को उठाने के लिए तैयार हैं।

## अखिलेश यादव ने मान लिया है कि यूपी में कांग्रेस उनके किसी काम आने वाली नहीं

# अशांत संत के दोषारोपण से उपजी राजनीति..!

राजनीतिक विश्लेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी

पंकज सीबी मिश्रा



**अविमुकतेश्वरानन्द प्रकरण के बाद से अखिलेश यादव उत्साहित दिखे हैं ऊपर से भाजपा का यूजीसी नियम में इक्विडिटी कमेटी पर चुप्पी, मोदी ड्ड शाह का सवर्णो के लिए कोई योजना ना लाना, प्रदेश में ओबीसी अध्यक्ष लाना और एससीएसटी एक्ट क़ानून पर चुप्पी नें सपा और कांग्रेस को सवर्णो के काफ़ी नजदीक पहुंचा दिया है। याद होगा की कभी ब्राह्मणो के अकेले दम पर मायावती यूपी की सत्ता पर काबिज रही। अब देश और प्रदेश में बीजेपी द्वारा ब्राह्मणों की उपेक्षा नें मायावती को भी उत्साह से भर दिया है। अब जो दल सवर्णो को आरक्षण और सुरक्षा देगी सवर्ण उसके साथ हो लेंगे। अखिलेश को लग रहा है कि शंकराचार्य मुद्दे पर अविमुक्तेश्वरानंद का साथ देकर उन्होंने बाजी मार ली है , चुनाव में हिन्दू अब उन्हें ही वोट देंगे।**

मुस्लिम वोट पहले ही उनकी पॉकेट में हैं तो समझो अगले चुनाव में बल्ले बल्ले ? वैसे कमाल की बात है न ? स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती और अविक्तेश्वरानंद के संबंध सीधे कांग्रेस से हैं, अखिलेश से तो है भी नहीं। होते तो 2015 में मुख्यमंत्री अखिलेश काशी में अविमुक्तेश्वरानंद पर लठ्ठ न बरसवाते ?

लेकिन न जाने क्यों कांग्रेस इस मसले पर चुप क्यों है ? सोनिया , राहुल , प्रियंका तीनों चुप हैं , जबकि पवन खेड़ा ही अकेले थोड़ी बहुत उछल कूद कर रहे हैं। वैसे अखिलेश यादव को बता दें कि यूपी में चुनाव हाल फिलहाल नहीं होने वाले, 2027 में होंगे ।

एक साल में राजनैतिक मुद्दों की हवा निकल जाती है। साल भी क्या दस पांच दिन बाद स्नान का यह प्रसंग लोग भूल जाएंगे। चुनावी फायदा लेना है तो सवर्णो को पुख्ता कीजिए , स्नान को लेकर किए जा रहे तमाशे का कोई लाभ नहीं मिलेगा । सामने देखिए ! योगी महाराज लव जिहाद पर बात कर रहे हैं । यह मुद्दा लोगों पर असर डालता है। वही सफल व्यक्ति है इस ज़माने में जो जातिगत राजनीति में वर्जस्व की ओर देखे। हम तो समझ रहे थे कि अविमुक्तेश्वरानंद इधर के शंकराचार्य हैं लेकिन जब कुख्यात मुख्तार अंसारी पर कृष्णानंद राय की हत्या का आरोप लगा उसी मुख्तार के भाई अफजाल अंसारी आज इन शंकराचार्य का बखान कर रहा है तो आप समझ जाइए की क्या खिचड़ी पक रही है। 2015 में अखिलेश यादव की सरकार ने जब इनको लाठी लाठी कूट दिया था इनको तोड़ दिया था इनके शरीर को जगह-जगह से सुजा दिया इतना ही नहीं इनके ऊपर 6 गंभीर केस में मुकदमा भी दर्ज करवा दिया था जिसे बाद में योगी सरकार ने 2023 में वापस लिया था।अखिलेश यादव ने मान लिया है कि यूपी में कांग्रेस उनके किसी काम आने वाली नहीं है । यह बात ममता बनर्जी बंगाल में चार साल पहले मान चुकी है । यही वजह है कि अखिलेश अब यूपी में ओवैसी के साथ हाथ मिलाने पर विचार कर रहे हैं। हालांकि चालाक ओवैसी एक साल पहले अपने पत्ते नहीं खोलेंगे । बेशक बंगाल में उन्होंने खुद को डुप्लीकेट बाबरी मस्जिद से जोड़ते हुए हुमायूँ कबीर के साथ जाने का मन बनाया है । बंगाल में चुनाव तीन महीने बाद हैं , अतः ओवैसी शीघ्र कोई फैसला ले लेंगे। जो लोग ओवैसी की पॉलिटिक्स से परिचित हैं वे जानते हैं कि ओवैसी का उद्देश्य मुस्लिमों में पैठ बनाना है , राज्यों की स्थापित पार्टियों को चोट पहुंचना हैं । यही वजह है कि विपक्षी नेता एआईएमआईएम को बीजेपी की बी टीम कहते नहीं अघाते ।



क्षमा कीजिए आज वैसे भी हिंदू समाज में शंकराचार्य की स्थिति इस तरह हो गई है जिस तरह अंतिम मुगल शासक बहादुर शाह जफर की थी जिसकी हुकूमत सिर्फ लाल किले तक सीमित थी इसका कारण है आदि शंकराचार्य हिंदू मान्यताओं को लोगों तक प्रसारित करने के लिए पैदल चला करते थे और जो रास्ते में मिल जाता था वह खा लिया करते थे परंतु वर्तमान शंकराचार्य का घमंड देखिए इन्हें पैदल चलना अपना अपमान महसूस होता है और आम लोगों के बीच में कभी सनातन के प्रचार प्रसार के लिए यह लोग जाते नहीं हैं इन लोगों के मुकाबले कई महंत और संगठन तथा अखाड़े हिंदू समाज में ऐसे हैं जिनकी बड़ी जबरदस्त पकड़ है और जिनके प्रवचन में बहुत बड़ी संख्या में लोग सुनने के लिए आते हैं और दूसरी तरफ शंकराचार्य के प्रवचन को सुनने के लिए उतने लोग भी नहीं आते जितने मुसलमान के मजारों पर लगने वाले मेलों में लोग जाते हैं? क्योंकि शंकराचार्य आम लोगों से कट चुके हैं इसलिए इनका राजनीतिक प्रभाव कुछ नहीं है और हिंदू समाज के लोग इनके कहने पर कहीं पर भी वोट नहीं डालते हैं ?याद कीजिए इंदिरा गांधी के समय गौ रक्षा आंदोलन करपात्री जी महाराज द्वारा किया गया था जिसका बहुत बड़ा उसे समय चर्चा हुई थी उसके अलावा शंकराचार्य द्वारा भारतीय मूल्यों को लेकर कोई बड़ा आंदोलन नहीं किया गया जिससे लोग उनके साथ जुड़ सकें यही कारण है कि आज शंकराचार्य आम जनता के बीच में कोई विशेष महत्व नहीं रखते हैं जहां तक राजनीतिक लोगों का सवाल है उन्हें तो हिजड़े के पांव छूने में वोट के समय कोई फर्क नहीं पड़ता परंतु आज हिंदू समाज द्वारा जितने भी बड़ी समस्याएं हैं उनके बारे में शंकराचार्य शून्य है। तो ममता की बात और है अखिलेश यादव , इस बार वे काफी उलझ गई हैं । लेकिन यूपी में एक बात समझ लीजिए। अगले साल चुनाव चूंकि उत्तराखंड में भी हैं। वहां टू पार्टी सिस्टम है अतः ओवैसी की ज्यादा जमेगी नहीं। पर यूपी में सपा, भाजपा, कांग्रेस, बसपा, लोकदल और अनेक क्षेत्रीय दल मौजूद हैं। अतएव ओवैसी एकला चलेंगे तो खूब मजे में रहेंगे। तो अखिलेश यादव याद रखिए बीजेपी विरोध के लिए अविमुक्तेश्वरानंद ब्रांड काम नहीं आएगा आप सवर्णो का मुद्दा ढूंढ लीजिए, प्रयागराज के अंगूर खट्टे हैं। राजनीति सही दिशा में हो तो जायज है वरना उलझें रहीए आत्ममुग्धता में।




## अपनी समस्या हमें बतायें

आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओ के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।
दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।
फोन नं.- 8423454502,
bps.knp786@gmail.com

## आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओ को सूचित किया जाता है कि बीपीएस न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक

## आवश्यकता है

बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओ, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।
संपर्क करें -:मो.: 8423454502
email:bps.knp786@gmail.com

# बैंकों को ऋण स्वीकृति एवं वितरण में तेजी लाने के निर्देश



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। प्रदेश सरकार की अतिसंवेदनशील एवं रोजगारपरक योजना तथा मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन के प्राथमिकता कार्यक्रमों में सम्मिलित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत कानपुर मण्डल के जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रूखाबाद एवं कन्नौज की अर्जित अद्यतन प्रगति की समीक्षा मण्डलायुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर की अध्यक्षता में समस्त बैंकों के क्षेत्रीय अधिकारियों के साथ सम्पन्न हुई।

बैठक में मण्डलायुक्त द्वारा बैंकों से प्राप्त प्रगति रिपोर्ट के आधार पर यह तथ्य संज्ञान में आया कि प्रेषित आवेदनों के सापेक्ष 50 प्रतिशत से अधिक आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इस संबंध में बैठक में उपस्थित समस्त बैंकों के क्षेत्रीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से अधीनस्थ शाखा प्रबंधकों को योजनान्तर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की गम्भीरता से स्क्रूटनी करने के निर्देश निर्गत करें तथा बिना किसी ठोस कारण के मात्र पेंडेंसी शून्य करने के उद्देश्य से आवेदन निरस्त न किए जाएं। इस प्रकार की कार्यवाही से योजना के मूल उद्देश्य की पूर्ति प्रभावित हो रही है।

इसके अतिरिक्त योजनान्तर्गत समस्त बैंकों के स्तर पर स्वीकृति हेतु लंबित कुल 3313 प्रकरणों को सूचीबद्ध करते हुए उन पर युद्धस्तर पर कार्यवाही कर ऋण स्वीकृति की प्रक्रिया को गतिशील करने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही पूर्व से स्वीकृत प्रकरणों के सापेक्ष विभिन्न बैंक शाखाओं के स्तर पर लंबित 679 प्रकरणों, जिनमें ऋण वितरण की कार्यवाही अनावश्यक रूप से विलंबित है, का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिए गए। समस्त क्षेत्रीय अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वे अपने स्तर से सभी बैंक शाखाओं को योजना की महत्ता से अवगत कराते हुए शिथिल बैंक शाखाओं पर विशेष ध्यान दें तथा सभी पात्र आवेदन पत्रों पर संवेदनशीलता के साथ ऋण स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही में तेजी लाएं।मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश शासन की इस अतिसंवेदनशील रोजगारपरक योजना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए सभी बैंकों को निर्देश प्रदान किए गए कि वित्तीय वर्ष की समाप्ति से पूर्व एमएसएमई क्षेत्र में ऋण प्रवाह बढ़ाने के उद्देश्य से बृहद मेगा लोन शिविरों का आयोजन सुनिश्चित किया जाए, जिससे अधिकाधिक ऋण वितरण किया जा सके। आवश्यकता होने पर अभियान के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों पर संबंधित बैंक शाखाओं द्वारा अभ्यर्थियों की हैंडहोल्डिंग भी सुनिश्चित की जाए।

अध्यक्ष द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं सुगम संचालन हेतु मोबाइल एप भी लॉन्च की जा चुकी है, जिसके माध्यम से योजना से आच्छादित समस्त लाभार्थियों का डेटा आसानी से एक्सेस किया जा सकता है। योजना के माध्यम से विगत एक वर्ष में लगभग 03 लाख व्यक्ति प्रत्यक्ष रूप से रोजगार से जुड़ चुके हैं।

बैठक में यह भी अपेक्षा व्यक्त की गई कि यदि योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण में कोई औपचारिक बाधाएं अथवा समस्याएं आ रही हों, तो विभाग को अवगत कराया जाए, ताकि उन पर समयबद्ध एवं समुचित निर्णय लिया जा सके। अंत में उपस्थित समस्त बैंक अधिकारियों को योजनान्तर्गत निर्धारित लक्ष्यों की शत-प्रतिशत पूर्ति हेतु युद्धस्तर पर रणनीति बनाकर कार्यवाही करने के निर्देशों के साथ बैठक सधन्यवाद समाप्त घोषित की गई।

बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग, कानपुर मण्डल, कानपुर सुनील कुमार द्वारा किया गया। बैठक में जनपद कानपुर नगर, कानपुर देहात, इटावा, औरैया, फर्रूखाबाद एवं कन्नौज के उपायुक्त उद्योग, समस्त अग्रणी बैंकों के क्षेत्रीय अधिकारी एवं अग्रणी जिला प्रबंधक उपस्थित रहे।




# सीएम युवा उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा बैठक में सख्त दिखाई दिए डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत लंबित प्रकरणों को लेकर बैंकर्स के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न बैंकों द्वारा ऋण स्वीकृति और वितरण की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि यह योजना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की शिथिलता या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी बैंक अपने-अपने स्तर पर लंबित प्रकरणों की गहन समीक्षा करें और प्रत्येक आवेदक से सीधे संपर्क स्थापित किया जाए। यदि किसी आवेदन में दस्तावेजों की कमी है तो उसकी स्पष्ट जानकारी आवेदक को देकर तत्काल उसे पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि यह योजना युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की ओर प्रेरित करने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है और पात्र युवाओं को अनावश्यक रूप से लंबित रखना योजना की मूल भावना के विपरीत है।बैठक में प्रस्तुत अद्यतन आंकड़ों के अनुसार जनपद को प्राप्त 4000 के लक्ष्य के सापेक्ष कुल 5380 आवेदन बैंकों को भेजे गए हैं, जिनमें से 2168 आवेदनों को स्वीकृति प्रदान की गई है तथा 2120 मामलों में ऋण का वितरण किया जा चुका है। इसके बावजूद 1006 आवेदन अभी स्वीकृति के स्तर पर और 254 आवेदन ऋण वितरण के स्तर पर लंबित हैं। जिलाधिकारी ने इस स्थिति को गंभीर बताते हुए सभी संबंधित बैंकों को निर्देशित किया कि आगामी 3 फरवरी तक प्रत्येक लंबित प्रकरण का अनिवार्य रूप से निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि निर्धारित समयसीमा के बाद लंबित मामलों की जिम्मेदारी संबंधित बैंक की मानी जाएगी और उसकी समीक्षा उच्च स्तर पर की जाएगी।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, उपायुक्त उद्योग अंजनीश प्रताप सिंह, लीड जिला प्रबंधक आदित्य कुमार सहित विभिन्न राष्ट्रीयकृत एवं निजी बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति का 13वां स्थापना दिवस समारोह हुआ सम्पन्न

## संगोष्ठी में विभिन्न संघों के वक्ताओं द्वारा उठायी गयी समस्याओं पर किया गया विचार विमर्श




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के 13वें स्थापना दिवस के उपलक्ष में समिति का एक विशेष सम्मेलन / संगोष्ठी मलिक गेस्ट हाउस, रामादेवी चौराहा, कानपुर में समिति के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ बैंक नेता का0 रजनीश गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

जिसमें रेलवे, डिफेंस सहित केंद्र राज्य सरकार के साथ साथ बैंक, बीमा, बिजली, विकास प्राधिकरण, नगर निगम, केस्को आदि अनेक सार्वजनिक क्षेत्रों के विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारियों एवं श्रमिकों के विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों, कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की बड़े पैमाने पर सहभागिता रही। इस अवसर पर उल्लेखनीय तन-मन-धन योगदान करने वाले समिति के सहयोगी अन्य कर्मचारी एवं श्रमिक संघों के वरिष्ठ सदस्यों का सम्मान भी किया गया।

सर्वप्रथम कार्यवाहक अध्यक्ष एवं संयुक्त आयकर आयुक्त राघवेंद्र सिंह ने स्वागताध्यक्ष के रूप में सम्बोधन देते हुये स्थापना दिवस पर पधारे मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि डॉ रागिनी, अपर निदेशक, सीजीएचएस, कानपुर परिक्षेत्र, वरेण्य अतिथि का हंसराज अकेला, राष्ट्रीय अध्यक्ष टीयूसीसी एवं सदस्य सीवीसी, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार तथा सुखबीर सिंह मलिक, अध्यक्ष भारत सेवक समाज, कानपुर मंडल के अलावा उपस्थित अधिकारी, कर्मचारी एवं श्रमिक संघो के राष्ट्रीय तथा प्रांतीय पदाधिकारियो, प्रतिनिधियों तथा समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सम्मानित वरिष्ठ सदस्यों का स्वागत करते हुए समिति द्वारा दिए गए बजट-2026 हेतु दिये गए ज्ञापन पत्र को मंडलायुक्त, कानपुर मंडल, जिलाधिकारी, कानपुर नगर, एवं सीधे मेल के माध्यम के साथ साथ वित्त मंत्री, भारत सरकार को भेजे जाने की जानकारी भी दी।

इस संगोष्ठी में विभिन्न संघों के वक्ताओं द्वारा उठायी गयी विभिन्न समस्याओं पर गहन विचार विमर्श किया गया तथा उनकी प्रमुख माँगों पर विस्तारपूर्वक चर्चाकर समिति द्वारा संघर्ष एवं आंदोलन हेतु आगामी रणनीति तय की जाएगी। इसके अनुरूप महामंत्री शरद प्रकाश अग्रवाल ने कर्मचारियों के हितों के संवर्धन एवं संरक्षण हेतु निम्न बिंदुओं का प्रस्ताव रखा, जिसे सभा में उपस्थित सभी लोगों द्वारा सर्वसम्मति से स्वीकार किया गया। वरिष्ठ बैंक नेता एवं अध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने भारी संख्या में उपस्थित संघों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुये कहा कि पूरे देश में यह एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसके माध्यम से हम कोई भी सरकार हो, अपनी बात रख सकते हैं। अंत में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया की इन मुद्दों पर समन्वय समिति बैठक कर विविध प्रकोष्ठों के माध्यम से विस्तृत रणनीति बनाकर बड़ा आन्दोलन कर संघर्ष प्रारंभ करेगी।

1- नई पेंशन योजना समाप्त कर पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए।' 2 सार्वजनिक क्षेत्र की संस्थाओं / उपक्रमों की बिक्री पर तत्काल रोक लगाई जाए।

3 सभी रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्ति की जाय। 4 सभी संविदा कर्मियों को पूर्ण वेतन पर नियमित और स्थाई नियुक्ति दी जाए।

5- मृतक आश्रित के रिक्त पदों के 5 प्रतिशत की सीलिंग हटाकर शत प्रतिशत भर्ती की जाए। 6 रोके गये सभी भत्तों को तुरंत बहाल किया जाए।

7 आठवें वेतन आयोग की रिपोर्ट में सभी के हितों का ध्यान रखने का अवसर दिया जाए।

इस अवसर पर प्रमुख पदाधिकारियों एवं सदस्यों में उपाध्यक्ष वरिष्ठ बीमा नेता एवं उपाध्यक्ष राजीव निगम, उपाध्यक्ष बी डी पाण्डेय, महामंत्री शरद प्रकाश अग्रवाल, मंत्री अरविन्द द्विवेदी, आयकर कर्मचारी संघ के रीजनल सचिव शिवेंदु श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष प्रदीप भाटिया, संगठन मंत्री सर्वेश तिवारी, कामख्या प्रसाद मिश्रा, अनिल बाजपेई, लेखा परीक्षक पी0के0 शर्मा, सत्य प्रकाश तिवारी, वरिष्ठ राज्य कर्मचारी नेता पी के पाण्डेय, शिव कुमार सिंह, अशोक तिवारी, शिवांगी द्विवेदी, सीमा अग्रवाल, शिक्षक प्रतिनिधि दिलीप मिश्र, कष्ण कुमार शुक्ला, आईटीईएफ के सर्किल महासचिव सुनील कुमार, एचएमएस से योगेश ठाकुर, रेलवे से आर.पी. शर्मा, एटक के असित सिंह, गौरव दीक्षित, एक्टू से सैयद आबिद मेंहदी जैदी, बालेंद्र कटियार, दिनेश भोले,सुशील बाजपेई सहित भारी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी संघों के प्रतिनिधिगण भारी संख्या में मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य समीक्षा में ढिलाई पड़ी भारी, डीएम ने वेतन काटने के दिए निर्देश

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति के शासी निकाय (डीएचएस) की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सभी एमओआईसी ऑनलाइन माध्यम से जुड़े, लेकिन समीक्षा के दौरान चार एमओआईसी अपने तैनाती स्थल के बजाय अन्य स्थानों से बैठक में शामिल पाए गए। इस पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी जताई और स्पष्ट किया कि शासनादेश के अनुसार प्रत्येक दशा में एमओआईसी का अपने तैनाती स्थल पर निवास अनिवार्य है। अपरिहार्य परिस्थितियों में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना तैनाती स्थल छोड़ना गंभीर अनुशासनहीनता है। जिलाधिकारी ने एमओआईसी भीतरगांव, चौबेपुर, कल्याणपुर और बिधनू का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी आभा आईडी, वेक्टर बॉर्न डिजीज और आरबीएसके सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति से संबंधित प्राथमिक जानकारी तक प्रस्तुत नहीं कर सके। इसे गंभीर लापरवाही मानते हुए जिलाधिकारी ने बिना तैयारी के बैठक में आने पर सीएमओ से स्पष्टीकरण तलब किया।

आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा में घाटमपुर क्षेत्र में लापरवाही सामने आने पर संबंधित एमओआईसी का वेतन रोकने के निर्देश दिए गए।

जन आरोग्य समिति के कार्यों की समीक्षा में सामने आया कि कृष्णा नगर, जूही, ग्वालटोली, जागेश्वर, बेनाझाबर, अनवरगंज और रामबाग सहित कुल आठ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आवंटित धनराशि का उपयोग नहीं किया गया है। इस पर जिलाधिकारी ने एनएचएम के नोडल अधिकारी डॉ कैलाश का वेतन रोकने के निर्देश दिए।

बैठक में आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध वेइंग मशीन, इन्फैंटोमीटर और स्टेडियोमीटर बड़ी संख्या में खराब मिलने का मामला भी सामने आया। इनमें से कई उपकरण हाल ही में स्वास्थ्य विभाग द्वारा उपलब्ध कराए गए थे। जिलाधिकारी ने इस पर गहरी आपत्ति जताते हुए सीएमओ से स्पष्टीकरण मांगने के साथ पूरे प्रकरण की विस्तृत रिपोर्ट तलब की।

आयुष्मान भारत योजना की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में अब तक 8 लाख 64 हजार 21 आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं। योजना के अंतर्गत 18 राजकीय और 178 निजी चिकित्सालय सूचीबद्ध हैं। जिलाधिकारी ने आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान में तेजी लाने के निर्देश देते हुए सभी पंचायत सचिवों की आईडी शीघ्र जेनरेट कराने को कहा।

टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की समीक्षा में बताया गया कि जनपद में 14 हजार 597 टीबी रोगियों को पोषण पोटली उपलब्ध कराई जा रही है। टीबी उन्मूलन रैंकिंग में प्रदेश स्तर पर जनपद 12वें स्थान पर है।

बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ हरिदत्त नेमी, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ यूबी सिंह, डॉ रमित रस्तोगी, डॉ सुबोध प्रकाश, जिला पूर्ति अधिकारी राकेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज कुमार और जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रीति सिंहा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# डिफेंस फिजिकल एकेडमी द्वारा सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

» बीपीएस न्यूज







कानपुर। कानपुर डिफेंस फिजिकल एकेडमी के द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन नौबस्ता स्थित एकेडमी भवन में आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में सेना सहित अन्य विभागों में छात्र छात्राएं मौजूद रहे। आयोजक एवं एकेडमी डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि एसएससी जीडी फाइनल में सलेक्टेड छात्र छात्राओं को भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया जा रहा है। वहीं गोल्ड मेडल लाने वाले रवि कुमार पाल को मंच पर डायरेक्टर सौरभ शुक्ला एवं कोच आदित्य शुक्ला ने पगड़ी पटका माल्यार्पण बाबा श्री श्याम की प्रतिमा भेट कर सम्मानित किया।

इस मौके पर डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने बताया कि 85 वीं आल इंडिया यूनिवर्सिटी एथलेटिक्स चैंपियनशिप मंगलौर कर्नाटक में आयोजित 360 यूनिवर्सिटी जिसमें 1157 स्टूडेंट ने 21 किलोमीटर हाफ मैराथन में कानपुर डिफेंस फिजिकल एकेडमी के स्टूडेंट रवि कुमार पाल ने लखनऊ यूनिवर्सिटी से खेल गोल्ड मेडल जीतकर एकेडमी सहित उत्तर प्रदेश का नाम रोशन किया है। जिससे एकेडमी के सैकड़ों छात्र छात्राएं सहित शिक्षक गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। जैसे ही सेना सहित अन्य विभागों में चयनित छात्र नौबस्ता बंबा चौराहे पर पहुंचे। एकेडमी के सैकड़ों छात्रों ने पुष्पवर्षा कर जमकर भारत माता की जय, वंदे मातरम् के जोरदार नारे लगाए।

बताते चले कि उत्तर भारत में सबसे अधिक सेना पुलिस सहित अन्य विभागों में छात्र छात्राओं को चयनित कराने वाली एकेडमी कानपुर डिफेंस फिजिकल एकेडमी बन चुकी है। सम्मान समारोह के दौरान मुख्य रूप से कोच आदित्य शुक्ला, अंकित साहू, शैलेंद्र सिंह यादव, मुकेश साहनी, संदीप कुमार, शैलेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र एवं अभिभावक मौजूद रहे।

# मण्डलायुक्त की अध्यक्षता में प्रस्तावित प्रमुख शहरी जल निकासी परियोजनाओं को समय से पूरा कराने के लिए की गयी बैठक

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मण्डलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में नगर निगम कानपुर क्षेत्र में प्रस्तावित प्रमुख शहरी जल निकासी परियोजनाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के उद्देश्य से शिविर कार्यालय में अन्तर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर आयुक्त अर्पित उपाध्याय, उपाध्यक्ष कानपुर विकास प्राधिकरण मदन सिंह गबर्याल, प्रभागीय वन अधिकारी दिव्या, अपर जिलाधिकारी संतोष कुमार राय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग अखण्डेश्वर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में मकड़ी खेड़ा क्षेत्र में प्रस्तावित शहरी बाढ़ न्यूनीकरण परियोजना की समीक्षा की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि परियोजना के अंतर्गत डी.पी.एस. कल्याणपुर से अटल घाट तक 6.99




किलोमीटर लंबी आरसीसी ड्रेन का निर्माण किया जाना प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से वर्षा जल को कलेक्शन वेल एवं पम्पिंग सिस्टम द्वारा गंगा नदी में प्रवाहित किया जाएगा। इस परियोजना की स्वीकृत लागत 207.27 करोड़ रुपये है। परियोजना को पांच वर्ष की रिटर्न पीरियड क्षमता के अनुरूप डिजाइन किया गया है। इसका कैचमेंट एरिया 26.42 वर्ग किलोमीटर है, जिससे नारामऊ, कल्याणपुर नॉर्थ, विनायकपुर, ख्योरा, नवाबगंज, विष्णुपुरी, गीता नगर एवं ओल्ड कानपुर क्षेत्र लाभान्वित होंगे।समीक्षा के दौरान किदवई नगर बाईपास से पांडु नदी तक प्रस्तावित सी.ओ.डी. ड्रेन निर्माण परियोजना पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना के अंतर्गत 6.20 किलोमीटर लंबी आरसीसी ड्रेन का निर्माण प्रस्तावित है, जिसके माध्यम से चयनित क्षेत्रों का वर्षा जल मौजूदा नालों से होते हुए पांडु नदी में प्रवाहित किया जाएगा। परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 199.49 करोड़ रुपये है। इसका कैचमेंट एरिया 18.88 वर्ग किलोमीटर है, जिससे नगर निगम के 26 वार्ड आंशिक रूप से लाभान्वित होंगे तथा लगभग 1.34 लाख की आबादी को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।बैठक में यह भी अवगत कराया गया कि दोनों परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व विभिन्न विभागों से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किए जाने की प्रक्रिया प्रगति पर है। नालों के मार्ग में आने वाले वृक्षों के पातन अथवा स्थानांतरण, विद्युत, सड़क, सिंचाई एवं अन्य उपयोगिताओं के शिफ्टिंग से जुड़े विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। मण्डलायुक्त ने निर्देश दिए कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ इन विषयों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें, जिससे परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।मण्डलायुक्त के. विजयेंद्र पांडियन ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से स्थायी राहत दिलाने के लिए ये दोनों परियोजनाएं अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करें तथा परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा के भीतर गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनहित से जुड़े इन कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी और कार्यों की नियमित समीक्षा की जाएगी।

# कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई अधिवक्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

कानपुर। कानपुर नगर में भारत रत्न जननायक कर्पूरी ठाकुर की 102वीं जन्म जयंती के अवसर पर मंगलवार को भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कानपुर बार एसोसिएशन हॉल में अधिवक्ताओं द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में वकीलों और उनके सहयोगियों ने हिस्सा लिया। पूरे आयोजन में जननायक कर्पूरी ठाकुर के विचारों और सामाजिक योगदान को याद किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत कर्पूरी ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। उपस्थित अधिवक्ताओं और उनके अनुयायियों ने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए उनके संघर्षपूर्ण जीवन और समाज के कमजोर वर्गों के लिए किए गए कार्यों को याद किया। वक्ताओं ने कहा कि कर्पूरी ठाकुर सामाजिक न्याय, समानता और ईमानदार राजनीति के प्रतीक थे, जिन्होंने अपने पूरे जीवन में वंचित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों के लिए संघर्ष किया।कार्यक्रम के दौरान कई अधिवक्ताओं ने कर्पूरी ठाकुर से जुड़े संस्मरण साझा किए। वक्ताओं ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर ने सादगी, ईमानदारी और जनसेवा की जो मिसाल कायम की, वह आज भी राजनीति और समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आरक्षण और सामाजिक न्याय को नई दिशा दी और गरीब, पिछड़े व वंचित तबकों को मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। अधिवक्ताओं ने एक स्वर में यह संकल्प लिया कि वे जननायक कर्पूरी ठाकुर द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलेंगे और समाज में न्याय, समानता और अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे। साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि भविष्य में इस तरह के आयोजनों को और अधिक भव्य और व्यापक रूप दिया जाएगा, ताकि नई पीढ़ी को कर्पूरी ठाकुर के विचारों से जोड़ा जा सके।

# कृषकों की समृद्धि एवं आय दोगुनी करने को लेकर आयोजित की गयी समीक्षा बैठक

» बीपीएस न्यूज



कानपुर कृषक समृद्धि आयोग के सदस्य कुलजीत सिंह की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कुलजीत सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत किसानों को 11 लाख रुपये तक का ऋण मात्र 3 से 5 प्रतिशत की न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध कराने की व्यवस्था की गई है, जिससे किसान आधुनिक तकनीक अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

कुलजीत सिंह ने बताया कि सरकार का लक्ष्य केवल वित्तीय सहायता प्रदान करना ही नहीं, बल्कि कृषि एवं उससे जुड़े क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित करना है। बैठक में मत्स्य पालन से संबंधित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई, जिनका कुलजीत सिंह द्वारा गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए तथा समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया गया।

उन्होंने जनपद के किसानों की आय दोगुनी करने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए कृषि, पशुपालन, सिंचाई/नलकूप, मत्स्य पालन एवं उद्यान विभाग से संबंधित सभी योजनाओं का किसानों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, किसानों की शिकायतों एवं समस्याओं का समयबद्ध एवं त्वरित निराकरण किए जाने पर विशेष जोर दिया गया। कुलजीत सिंह ने अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने की भी सलाह दी।बैठक में शिवम पाण्डेय, जिला कृषि अधिकारी प्राची पाण्डेय, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सलीमुद्दीन, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक (सहकारिता) राकेश प्रभाकर, अपर जिला कृषि अधिकारी शिवम सहित मत्स्य एवं पशुपालन विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सर्विलांस टीम दक्षिण ने सालों से खोये हुवे 75 मोबाईल फोन किये बरामद

## पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा पीड़ितों को सौंपा गया उनका खोया हुआ मोबाईल फोन

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। सर्विलांस टीम दक्षिण द्वारा अथक प्रयास कर कानपुर जनपद से खोये हुये मोबाइलो को जनपद, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से 75 मोबाइल जिसकी कीमत लगभग ?22,32700 (बाइस लाख बत्ततीस हजार सात सौ रु0) बरामद किए गए।

पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेंद्रनाथ चौधरी को अलग-अलग तारीखों में प्रार्थना पत्र मोबाइल गुम होने/खो जाने के सम्बन्ध में प्राप्त हुये थे। जिसके सम्बन्ध में सर्विलांस सेल को गुमशुदा/खोये हुये मोबाइल फोन को अतिशीघ्र बरामद करने हेतु निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में कार्यवाही करते हुए सर्विलांस सेल टीम द्वारा 75 मोबाइल फोन जिसकी (कीमत लगभग 22 लाख 32 हजार 700 रुपये) जनपद, गैर जनपद एवं अन्य राज्यों से बरामद कर पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) एवं अपर पुलिस उपायुक्त द्वारा मोबाइल धारको को सुपुर्द कर दिए गए। सालों से खोये हुए अपने मोबाईल फोन को सामने देखकर सभी पीड़ित बहुत खुश हुए। कहा कि हमने तो आस ही छोड़ दी थी। कि अब कभी भी हमारा मोबाईल फोन हमें नहीं मिल पायेगा।

अपना खोया हुआ मोबाईल फोन वापस मिलने के बाद सभी ने पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया।वहीं इस सराहनीय कार्य के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा सर्विलांस टीम को 25000 रूपये का नगद इनाम दिया गया।

# दिव्यांगजन दुकान निर्माण एवं संचालन योजना के अंतर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

» बीपीएस न्यूज




कानपुर। जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विनय उत्तम ने अवगत कराया है कि जनपद के ऐसे समस्त दिव्यांगजन जो स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनना चाहते हैं, उनके लिए दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा संचालित दुकान निर्माण एवं दुकान संचालन योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

दुकान निर्माण योजना के अंतर्गत ऐसे दिव्यांगजन आवेदन करने के पात्र होंगे जिनके नाम पर न्यूनतम 110 वर्ग फीट की स्वयं की भूमि उपलब्ध हो तथा वह भूमि ऐसे स्थान पर स्थित हो जहाँ दुकान का निर्माण कराया जा सकता हो। इस योजना के अंतर्गत कुल ?20,000 की धनराशि दो किश्तों में स्वीकृत की जाती है, जिसमें ?15,000 का ऋण चार प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर तथा ?5,000 की अनुदान राशि सम्मिलित है।

इसी प्रकार दुकान संचालन योजना के अंतर्गत पात्र दिव्यांगजनों को कुल ?10,000 की धनराशि स्वीकृत की जाती है, जिसमें ?7,500 का ऋण चार प्रतिशत साधारण ब्याज दर पर तथा ?2,500 की अनुदान राशि प्रदान की जाती है।

योजना का लाभ वही दिव्यांगजन प्राप्त कर सकेंगे जो किसी आपराधिक अथवा आर्थिक मामले में दंडित न हों तथा जिनके विरुद्ध किसी प्रकार की सरकारी धनराशि देय न हो। इच्छुक एवं पात्र दिव्यांगजन आवश्यक अभिलेखों के साथ विभाग की वेबसाइट http://divyangjandukan.upsdc.gov.in पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

आवेदन के लिए दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला नवीनतम फोटो, जन्मतिथि सहित आयु प्रमाण पत्र, मुख्य चिकित्साधिकारी स्तर से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, यूडीआईडी कार्ड, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित खाते का विवरण तथा दो जमानतदारों का विवरण आवश्यक होगा।

# सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत मेडिकल कैम्प एवं अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध चलाया गया विशेष अभियान




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा प्रदत्त निर्देशों के अनुपालन में सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी, 2026 से 31 जनवरी, 2026 तक जीरो फैटेलिटी माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में कार्यालय सम्भागीय परिवहन अधिकारी, कानपुर के सारथी भवन में एक निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें उजाला सिग्रेस नोबल हॉस्पिटल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।मेडिकल कैम्प में जनपद कानपुर नगर के कुल 593 वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। परीक्षण के दौरान 75 चालकों की दृष्टि कमजोर पाई गई, 307 व्यक्तियों में उच्च रक्तचाप (बी.पी.) की समस्या तथा लगभग 81 व्यक्तियों में शुगर की समस्या पाई गई। सभी चिन्हित व्यक्तियों को उपचार हेतु निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।इस मेडिकल कैम्प में प्रो0 डॉ0 रवि गर्ग सहित अन्य चिकित्सकों एवं सहायकों द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन), कानपुर राहुल श्रीवास्तव, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन) कहकशां खातून, आकांक्षा पटेल तथा सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक), कानपुर नगर उपस्थित रहे।वहीं इसके अतिरिक्त जनपद में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा अनफिट स्कूली वाहनों के विरुद्ध विशेष अभियान भी चलाया गया। अभियान के अंतर्गत जनपद के समस्त प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा संबंधित विद्यालयों में जाकर स्कूली वाहनों का निरीक्षण किया गया तथा अनफिट पाए गए वाहनों के संबंध में नियमानुसार सुधार के निर्देश दिए गए।

# नुक्कड़ नाटक के द्वारा स्कूली बच्चों व अध्यापकों को बाल विवाह के प्रति किया गया जागरूक

» बाल विवाह कुप्रथा है, रोकने के लिए हेल्पलाइन 1098 पर करें शिकायत

» बाल विवाह मुक्त भारत अभियान की दिलाई गई शपथ

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देशानुसार हब फॉर इंपावरमेंट ऑफ वूमेन द्वारा कौशल्या देवी इंटर कॉलेज बारहदेवी, किदवई नगर में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय के बालिकाओं एवं शिक्षकों को बाल विवाह की कुप्रथा के बारे में बताया गया। कहीं पर भी 18 वर्ष से कम आयु की लड़की का विवाह होता है या 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह होता है, तो वह बाल विवाह की श्रेणी में आता है। इससे बालिकाओं के जीवन तथा स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। यदि ऐसा आपके साथ या आसपास हो रहा है तो आप 1098 पर सूचित करें।साथ ही बालिकाओं को सरकारी योजनाएं जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, महिला हेल्पलाइन नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान करते हुए उन्हें ÷बाल विवाह मुक्त भारत÷ अभियान की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम मे हब फार इम्पावरमेंट आफ वूमेन टीम जेन्डर स्पेशलिस् शैल शुक्ला, जेंडर स्पेशलिस्ट रागनी श्रीवास्तव तथा आशीष सोनकर व कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ स्मित तिवारी एवं समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# पुलिस उपायुक्त यातायात द्वारा अस्थायी पार्किंग एवं होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाने के संबंध में की गयी गोष्ठी

» क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर चलने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध की गई कार्यवाही

» अनाधिकृत रूप से सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया गया, 14 वाहनों का किया गया चालान

» बीपीएस न्यूज





कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा पुलिस ऑफिस सभागार में कानपुर नगर में अस्थायी पार्किंग एवं होल्डिंग एरिया चिन्हित किए जाने के संबंध में एक गोष्ठी की गयी। गोष्ठी में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु अस्थायी पार्किंग स्थलों एवं वाहन होल्डिंग एरिया के चिन्हांकन पर विस्तार से चर्चा की गई। गोष्ठी में अपर जिलाधिकारी (सिटी), एआरटीओ, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर (यातायात) नगर निगम, सहायक पुलिस आयुक्त यातायात (पूर्वी व दक्षिण जोन), सहायक पुलिस आयुक्त यातायात (मध्य व पश्चिम जोन) तथा तहसीलदार सदर (राजस्व विभाग) उपस्थित रहे।सागर हाइवे -34 ) पर टीआई राजकुमार मिश्रा द्वारा अनुमन्य क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ऑटो संचालित करने वाले ऑटो चालकों के विरुद्ध प्रवर्तन की कार्रवाई की गई साथ ही औंधा, ओरियारा, रमईपुर, विधनू, सम्भुआ, पतारा, तक नो पार्किंग में खड़े वाहनों को हटवाया गया। कोहरे/शीतलहर से प्रभावित दृश्यता आदि के दृष्टिगत भारी वाहनों को रोड पर/ रोड किनारे वाहन पार्क न करने हेतु सचेत करते हुए 25 वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही भी की गई ।टीआई पूर्वी जोन (प्रथम) राजेश कुमार मिश्रा द्वारा रामादेवी चौराहा पर अनाधिकृत रूप से सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया गया एवं 14 वाहनों के विरुद्ध

कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है ।राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 82 ट्रक, 17 बस, 181 चार पहिया/दो पहिया कुल 290 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 42 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया ।यातायात पुलिस कानपुर नगर की आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें-रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

# कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति द्वारा भारत सरकार को संबोधित बजट-2026 एवं अन्य माँगों को लेकर सौंपा गया ज्ञापन





» बीपीएस न्यूज

कानपुर। कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति, जो कि उत्तर प्रदेश स्थित केंद्र, राज्य एवं सार्वजनिक क्षेत्र के समस्त अधिकारियों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों का गैर राजनैतिक संयुक्त महामंच है, के तत्वाधान में माननीय वित्त मंत्री, भारत सरकार को संबोधित बजट-2026 एवं अन्य माँगों से सबंधित एक ज्ञापन मांग पत्र मंडलायुक्त विजेंद्र पंडियन के माध्यम से समिति के प्रतिनिधिमंडल द्वारा दिया गया।प्रतिनिधिमंडल में कर्मचारी कल्याण समन्वय समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ बैंक नेता का0 रजनीश गुप्ता, महामंत्री एवं वरिष्ठ केंद्रीय नेता शरद प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रदीप भाटिया (बीमा), कार्यवाहक अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, आयकर कर्मचारी महासंघ के रीजनल सचिव शिवेंदु श्रीवास्तव, राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष कमल अग्रवाल, माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रतिनिधि दिलीप मिश्र आदि पदाधिकारी प्रमुख रूप से शामिल रहे।ज्ञापन मांग पत्र में आगामी बजट-26 में सभी वेतनभोगी वर्ग को राहत देने हेतु मानक कटौती को बढ़ाकर दो लाख करने, आयकर की छूट सीमा को बढ़ाकर पंद्रह लाख करने, मेडिकल, यात्रा सहित विविध खर्च के बदले मिलने वाले भतों को करमुक्त करने, बचत प्रोत्साहन हेतु 80सी की छूट को न्यू टैक्स योजना में शामिल करने आदि के अलावा पुरानी पेंशन को बहाल करने, आठवें वेतन आयोग में सभी लोगों को शामिल करने, अनुकंपा भर्ती शत प्रतिशत करने, संविदा एवं निजीकरण के स्थान पर स्थायी सरकारी भती करने, सभी केंद्रीयकर्मियों को भी कैशलेस सुविधा प्रदान करने आदि कई प्रमुख मांगें शामिल हैं। ज्ञापन को सीधे वित्तमंत्री, भारत सरकार के साथ साथ प्रधानमंत्री, भारत सरकार के अलावा कानपुर के जिलाधिकारी, कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, अकबरपुर के सांसद देवेंद्र सिंह भोले, नेता प्रतिपक्ष सांसद सहित अनेक प्रतिनिधियों को समिति की मेल द्वारा भेजा जा चुका है। पूरे देश के केंद्र, राज्य सरकार एवं सभी पी0एस0यू0 के सभी अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी एवं श्रमिकों की लाखों लौगों को आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि भारत सरकार राजस्व देने में अग्रणी हम वेतनभोगीवर्ग के लिये भी अवश्य ध्यान देगी।

# डीएम ने बैठक में औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़ी समस्याओं को समय से निस्तारण करने को कहा

कानपुर। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के उद्देश्य से जिला उद्योग बंधु तथा जिला व्यापार बंधु की बैठक आयोजित हुई। बैठक में जनपद के औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों से जुड़ी सड़क, बिजली, पानी, स्ट्रीट लाइट सहित अन्य महत्वपूर्ण समस्याओं की विस्तार से समीक्षा की गई।जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि औद्योगिक एवं व्यापारिक क्षेत्रों की समस्याओं का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और किसी भी प्रकरण को लंबित न रखा जाए। उन्होंने कहा कि समस्याओं के समाधान के उपरांत संबंधित संगठनों को भी इसकी जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि उद्योग और व्यापार से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।बैठक में विभिन्न व्यापारी संगठनों द्वारा केस्को की आधुनिकीकरण प्रणाली अपनाने के बाद विद्युत आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान पर संतोष व्यक्त किया गया तथा इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की गई।जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि व्यापार बंधु की बैठकों में जनहित में उठाई जाने वाली समस्त समस्याओं पर सभी विभाग त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने व्यापारी संगठनों से अपील की कि अपने-अपने क्षेत्रों से संबंधित अवस्थापना से जुड़ी समस्याएँ मंगलवार तक उपलब्ध कराएं, जिससे नगर निगम के माध्यम से आवश्यक कार्य कराए जा सकें।बैठक में अफीम कोठी लोहा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि द्वारा क्षेत्र में नियमित सफाई न होने, स्ट्रीट लाइट खराब रहने, सीवर लाइन बंद होने, सुलभ शौचालय की व्यवस्था न होने तथा सफाई कर्मचारियों की अनियमित उपस्थिति की समस्याएँ उठाई गईं। इस पर जल निगम के अधिकारी ने अवगत कराया कि सीवर लाइन बिछाने के लिए लोक निर्माण विभाग से अनुमति प्राप्त न होने के कारण कार्य प्रारंभ नहीं हो सका है। इस विषय पर जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग के उपस्थित अधिकारी को तत्काल अनुमति प्रदान कर कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए तथा अपर नगर आयुक्त, नगर निगम को समस्त समस्याओं का निस्तारण सुनिश्चित करते हुए एक सप्ताह के भीतर आख्या प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।बैठक में गोविंदपुरी रेलवे स्टेशन को जाने वाले मार्ग, जो पॉपुलर धर्म कांटे से होकर गुजरता है, में बीच सड़क पर ट्रांसफार्मर स्थापित होने से उत्पन्न अवरोध की समस्या भी रखी गई। इस संबंध में जिलाधिकारी ने केस्को के संबंधित अधिकारी को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त झकरकटी बस अड्डा पुल पर रोडवेज बसों के खड़े होने से लगने वाले जाम तथा झकरकटी पुल से घंटाघर जाने वाले मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क की समस्या भी सामने आई, जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उपस्थित व्यापारी संगठनों के प्रतिनिधियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि व्यापारिक क्षेत्रों से संबंधित किसी भी समस्या के समाधान के लिए बैठक का इंतजार आवश्यक नहीं है। व्यापारी किसी भी कार्यदिवस में उनसे सीधे मिलकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं। समस्याओं का त्वरित निस्तारण उनकी प्राथमिकता रहेगा।बैठक में अपर जिलाधिकारी नगर डॉ. राजेश कुमार, जीएसटी विभाग, नगर निगम, लोक निर्माण विभाग, केस्को सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कपिल सब्बरवाल प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष कानपुरमहानगर उत्तर प्रदेश युवा व्यापारमंडल, उमंग अग्रवाल, सुरेश गुप्ता, विजय पंडित, शेष नारायण द्विवेदी, ममता शुक्ला, समेत विभिन्न व्यापारी संगठनों औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त द्वारा 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों दिलाई गई मतदाता शपथ



कानपुर। 16 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर पुलिस आयुक्त कार्यालय, कमिश्नरेट कानपुर नगर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मतदाता शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर पुलिस आयुक्त ने अपने संबोधन में कहा कि मतदान लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है

तथा प्रत्येक नागरिक का यह नैतिक एवं संवैधानिक दायित्व है कि वह अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करे। उन्होंने सभी से अपील की कि वे स्वयं भी मतदान करें तथा समाज के अन्य लोगों को भी निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से मतदान करने हेतु प्रेरित करें।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त पुलिस

अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक मतदान करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण एवं पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# उज्जैन के तराना में फिर भड़का विवाद

## सांप्रदायिक : पथराव कर बस में आग लगाई,15 से ज्यादा उत्पाती हिरासत में

### पांच थाना प्रभारी, 100 से भी ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

» बीपीएस न्यूज

उज्जैन। उज्जैन के तराना में हुआ सांप्रदायिक विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात तनावपूर्ण हालात के बाद शुक्रवार दोपहर एक बार फिर स्थिति बिगड़ गई। बस स्टैंड इलाके में पथराव हो गया और एक बस आग के हवाले कर दी गई। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने उपद्रवियों पर बीएनएस की धारा 163 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। अभी तक 15 से 20 लोगों को हिरासत में ले लिया गया है। शुक्रवार दोपहर में मचाए गए उपद्रव के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आ चुके हैं। फुटेज के माध्यम से भी उत्पात करने वालों की तलाश की जा रही है।

शुक्रवार दोपहर को जब पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी यह समझ रहे थे कि पूरा मामला शांत हो गया है तभी तकिया मोहल्ला क्षेत्र बस स्टैंड में 50 से 60 लोगों की भीड़ पहुंची और पथराव शुरू कर दिया। स्थानीय लोगों का आरोप है कि भीड़ में शामिल लोग धर्म विशेष के थे। पथराव के बाद दूसरे पक्ष के लोग भी सड़क पर उतर आए। दोनों समुदाय के लोगों के आमने-सामने आने के बाद पुलिस ने उन्हें रोका लेकिन इसी बीच किसी व्यक्ति ने यहां खड़ी एक बस में आग लगा दी। इसके बाद इलाके के हालात बिगड़ गए।



**क्यों हुआ तराना में विवाद ?**

गुरूवार को तराना की शुक्ला गली में रहने वाला सोहिल पिता सोनू ठाकुर उम्र 26 साल अपने घर से करीब 200 मीटर दूर राम मंदिर संघ कार्यालय के नजदीक बैठा था। शाम करीब 7.30 बजे ईशान मिर्जा और उसके साथ आठ से दस लोग लोहे की रॉड, लाठी और चाकू लेकर सोहिल के पास पहुंचे और उसे धमकाने लगे। इन लोगों का कहना था कि तुम (सोहिल) हमारे काम में बहुत टांग अड़ाते हो, हमारे रास्ते में मत आया करो। आरोपियों के साथ सोहिल की कहासुनी हुई, इसी बीच आरोपियों ने सोहिल के सिर पर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सोहिल को बचाने उसका चचेरा भाई आया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। सोहिल को तत्काल ही तराना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां से उसे उज्जैन रैफर कर दिया गया। इस घटना के बाद सैकड़ों लोग अस्पताल के बाहर एकत्रित हो गए थे। यहीं भीड़ में से कुछ लोग बस स्टैंड की ओर आगे बढ़े व बसों पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। देखते ही देखते तराना में तनाव के हालात निर्मित हो गए। रात में ही पुलिस ने ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, सलमान, रिजवान और नावेद सहित छह लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया था। इसके बाद देर रात पुलिस क्षेत्र में गश्त करती रही।

**अचानक हुआ पथराव**

तराना के बस स्टैंड इलाके में रहने वालों का कहना है कि पथराव करने वाली भीड़ अचानक इलाके में आई और पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। इसके बाद प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। भीड़ में 25 से 30 लोग थे।

**अब आगे क्या मांग?**

पुलिस के अनुसार शुक्रवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव भी किया। विरोध प्रदर्शन करते हुए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने मांग की है कि एक फरार आरोपी को पुलिस जल्द से जल्द पकड़े। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ भी किया। फिलहाल पूरे इलाके में पुलिस ने बीएनएस की धारा 163 लागू कर दी है। पुलिस ने सप्पन मिर्जा (मदारबड़ा), ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ इडली, सलमान मिर्जा, रिजवान मिर्जा और नावेद के खिलाफ जानलेवा हमले का मामला दर्ज किया है। इनमें से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता चाहते हैं कि जो एक आरोपी अभी फरार है उसे जल्द से जल्द पकड़ा जाए। साथ ही जिन पांच आरोपियों को अब तक पकड़ा जा चुका है उनके मकान तोड़े जाएं और उनका सामूहिक जुलूस भी निकाला जाए। प्रशासन और पुलिस अधिकारी हिंदूवादी संगठनों को समझाने में लगे हुए हैं, लेकिन वे कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। कार्यकर्ता थाने के सामने धरने पर बैठ गए थे और हनुमान चालीसा का पाठ करने लगे। आरोप है कि नमाज खत्म होने के बाद कुछ लोग यहां पहुंचे तो विवाद गहरा गया।

### ये हुआ नुकसान

- » 13 बसों में तोड़फोड़
- » 1 बस में आग
- » 15 से 20 आरोपी गिरफ्तार
- » 12 कारो में नुकसान
- » 6 घरों में तोड़फोड़
- » वार्ड क्रमांक 8 की बाखल में तोड़फोड़
- » नमाज के बाद हुआ पथराव
- » 50 लोगों ने किया हमला
- » पूर्व पार्षद आजाद खान की दुकान में आग

## नेताजी से जुड़ी सभी फाइलों को तत्काल सार्वजनिक करे केंद्र सरकार:ममता बनर्जी



» बीपीएस न्यूज

कोलकाता। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 129वीं जयंती के अवसर पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार से नेताजी से जुड़ी सभी गोपनीय फाइलों को तत्काल सार्वजनिक करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि इतने वर्षों बाद भी नेताजी के लापता होने का रहस्य सुलझ नहीं पाया है, जो देश के लिए अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

शुक्रवार सुबह सोशल मीडिया पर जारी संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1945 के बाद नेताजी के साथ क्या हुआ, इसकी जानकारी आज भी सामने नहीं आ सकी है। उन्होंने याद दिलाया कि उनकी सरकार ने राज्य अभिलेखागार में मौजूद नेताजी से संबंधित सभी फाइलें काफी पहले ही सार्वजनिक कर दी थीं।

मुख्यमंत्री ने लिखा, यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि नेताजी के लापता होने का रहस्य आज तक अनसुलझा है। यह पूरे देश के लिए दुखद है। राज्य सरकार ने अपने स्तर पर सभी दस्तावेज़ सार्वजनिक कर दिए हैं। मैं एक बार फिर भारत सरकार से अपील करती हूं कि नेताजी से जुड़ी सभी जानकारियों को सार्वजनिक किया जाए।

नेताजी की जयंती इस वर्ष सरस्वती पूजा के दिन पड़ी है, जो पश्चिम बंगाल में विशेष रूप से विद्यार्थियों और युवाओं के बीच अत्यंत लोकप्रिय पर्व है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने नेताजी के सांप्रदायिक सौहार्द और राष्ट्रीय एकता के संदेश को याद करते हुए कहा कि उनका सच्चा सम्मान उन्हीं आदर्शों को अपनाने में है।ममता बनर्जी ने कहा, नेताजी जानते थे कि यह देश केवल हिंदुओं या केवल मुसलमानों का नहीं है। यह देश सभी का है हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई, पुरुष, महिलाएं, अमीर, गरीब, पंजाबी, तमिल, गुजराती और बंगाली। आज़ाद हिंद फौज धर्मनिरपेक्षता और भाईचारे का प्रतीक थी, जहां सभी ने मिलकर देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि यदि देशवासी वास्तव में नेताजी का सम्मान करना चाहते हैं, तो उन्हें जाति, धर्म और लिंग से ऊपर उठकर एकता, भाईचारे और सौहार्द के उनके आदर्शों को अपनाना होगा। सीएम ने कहा कि हम सब भारतीय हैं, यही हमारी पहचान है।

# व्यापारी के बेटे का अपहरण, फिरौती न मिलने पर हत्या

### मुठभेड़ में एक ढेर,दूसरा गंभीर

» बीपीएस न्यूज





चित्रकूट। चित्रकूट में बरगढ़ बाजार के कपड़ा कारोबारी अशोक केसरवानी के पुत्र आयुष केसरवानी (13) का गुरूवार की शाम अपहरण कर उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। अपहरण के बाद आरोपियों ने पिता से फोन पर 40 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी। सूचना पर पुलिस ने खोजबीन कर अशोक केसरवानी के मकान के पास स्थित बक्सा की दुकान में जांच की और शौचालय में सीट के नीचे से आयुष का शव बरामद किया।

पुलिस ने दो आरोपियों को चिन्हित किया और धरपकड़ के दौरान एक आरोपी की मुठभेड़ में मार गिराया, जबकि दूसरा घायल हो गया। शुक्रवार को व्यापारियों ने बरगढ़ तिराहे पर घटना के विरोध में चक्काजाम कर दिया। डीएम-एसपी के आश्वासन पर व्यापारी पीछे हटे। जानकारी के अनुसार, बरगढ़ थाना क्षेत्र के बरगढ़ कस्बा निवासी अशोक केसरवानी की स्थानीय बाजार में कपड़े की दुकान है।

**मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था आयुष**

अशोक केसरवानी का नाम इलाके प्रतिष्ठित व्यापारियों में है। उनका पुत्र आयुष केसरवानी (13) प्रयागराज जनपद के शंकरगढ़ कस्बा स्थित न्यू सेंटर एकेडमी में कक्षा सात का छात्र था। गुरूवार की शाम करीब साढ़े पांच बजे आयुष कोचिंग से घर आया और अपने मकान की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इस दौरान घर के बगल में रहने वाले इरफान, जिसकी बक्सा बनाने व बेचने की दुकान है।

**40 लाख रुपये की फिरौती मांगी**

वहां काम करने वाले इरफान के हेल्पर कल्लू ने आयुष को बाइक सिखाने के बहाने नीचे बुलाया। परिचित होने के कारण आयुष नीचे आया, तो आयुष को बाइक देकर कल्लू उसके पीछे बैठा और वहां से चला गया। रात करीब साढ़े आठ बजे पिता अशोक के मोबाइल पर फोन आया और बताया गया कि आयुष का अपहरण हो गया है और 40 लाख रुपये का इंतजाम कर मऊ-बरगढ़ के बीच घाटी पर पैसा लेकर आना है।

**शौचालय की फर्श ताजा बनी मिली**

यह सुनकर अशोक दंग रह गए। उन्होंने अपने परिचित व पूर्व प्रधान प्रकाश केसरवानी को बताया, तो इसकी सूचना एसपी चित्रकूट को दी गई। पुलिस पहुंची और छानबीन शुरू हुई, तो आयुष के गायब होने में इरफान व कल्लू का नाम आया। कल्लू के साथ आयुष की सीसीटीवी फुटेज भी आ गई। शंका पर पुलिस ने बक्से की दुकान में जांच शुरू की, तो शौचालय की फर्श ताजा बनी हुई पाई गई। शंका पर फर्श को तोड़ा गया, तो सीट के नीचे आयुष की लाश मिली।यह देख परिजनों का कलेजा दहल गया। आयुष का रस्सी से गला घोंटा गया था और सीने व चेहरे पर चोट के निशान थे। पुलिस ने इरफान व कल्लू की खोजबीन की और देर रात मुठभेड़ में कल्लू को मार गिराया, जबकि इरफान घायल हो गया। शुक्रवार को घटना की जानकारी से आक्रोशित चित्रकूट व स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस पर देर से कार्रवाई शुरू करने का आरोप लगाते हुए बरगढ़ तिराहे पर चक्काजाम किया।

## यूपी पंचायत चुनाव की उल्टी गिनती शुरू, जिलों में पहुंचाए जा रहे मतपत्र

उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन आयोग ने तैयारी तेज कर दी है। अब जिलों में मतपत्र पहुंचाए जाने लगे हैं। सभी जिलों में करीब 60 करोड़ मतपत्र भेजे जाने हैं। इसलिए प्रक्रिया अभी से शुरू कर दी गई है। निर्वाचन आयोग मतदाता पुनरीक्षण की पहली सूची जारी कर चुका है।उस पर आए दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जा रहा है।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद का धरना छठे दिन रहा जारी, तबीयत बिगड़ी



लखनऊ। मौनी अमावस्या से ही माघ मेले में धरने पर बैठे ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की तबीयत शुक्रवार को बिगड़ गई। उनको बुखार हो गया है। खुले आसमान के नीचे छह दिन से बैठने के कारण उनके स्वास्थ्य में खराबी आई है। चिकित्सकों से परामर्श लिया गया है। फिलहाल वह आराम कर रहे हैं और लोगों से मुलाकात करने से बच रहे हैं। शंकराचार्य के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शैलेंद्र योगीराज ने तबीयत खराब होने की पुष्टि की है।

## जम्मू में सड़क दुर्घटना में मरने वाले 10 जवानों में से 3 हरियाणा के

जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में भद्रवाह-चंबा अंतरराज्यीय सड़क पर एक हादसे में मारे गए 10 सैनिकों को शुक्रवार को यहां पुष्पांजलि अर्पित की गई। मरने वाले जवानों में तीन जवान हरियाणा के थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि यह समारोह व्हाइट नाइट कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल पी.के. मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया था और इसमें थल सेना, भारतीय वायु सेना (आईएएफ), सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), पुलिस और असैन्य प्रशासन के अधिकारी उपस्थित हुए।उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल मनोज सिन्हा की ओर से भी सैनिकों के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित किए गए। जम्मू क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) भीम सेन टूटी और जम्मू में सीआरपीएफ के महानिरीक्षक आर गोपाल कृष्ण राव ने भी तिरंगे में लिपटे सैनिकों के शवों पर पुष्पचक्र अर्पित किए।

## कठुआ के बिलावर में सुरक्षाबलों को मिली कामयाबी, पाकिस्तानी जैश आतंकी को किया ढेर



» बीपीएस न्यूज

कठुआ। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले के बिलावर इलाके में सुरक्षाबलों ने एक संयुक्त अभियान के दौरान एक पाकिस्तानी जैश-ए-मोहम्मद आतंकवादी को मार गिराया है। यह कार्रवाई जम्मू-कश्मीर पुलिस की एक छोटी टीम ने भारतीय सेना और सीआरपीएफ के सहयोग से अंजाम दी।आईजीपी भीम सेन टूटी ने बताया कि यह आतंकी पिछले एक महीने से सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी में था। 7 जनवरी और इससे पहले दिसंबर माह में भी शुरुआती मुठभेड़ों के दौरान आतंकी घेराबंदी से भाग निकलने में सफल हो गया था। हालांकि, इस बारसुरक्षा बलों ने सटीक रणनीति के तहत ऑपरेशन को अंजाम देते हुए आतंकी को ढेर कर दिया।

आईजीपी के अनुसार, ऑपरेशन पूरी तरह योजनाबद्ध था और इलाके में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया गया है। फिलहाल क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है ताकि किसी अन्य आतंकी गतिविधि की संभावना को पूरी तरह समाप्त किया जा सके।

## माघ मेले में वसंत पंचमी पर टूटा महाकुंभ का रिकॉर्ड, 3.56 करोड़ लोगों के स्नान का दावा

» बीपीएस न्यूज



प्रयागराज। माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का संचरण गुरुवार रात में ही होने से शुक्रवार को स्नान का क्रम भोर से ही आरंभ हो गया। संगम की ओर जाने वाले सभी मार्ग श्रद्धालुओं से पटे रहे। कोई दंड-कमंडल लेकर, कोई सिर पर गठरी और झोला उठाए संगम की ओर बढ़ता नजर आया।

माघ मेले में महाकुंभ की वसंत पंचमी का रिकॉर्ड टूट गया। चौथे मुख्य स्नान पर्व पर शुक्रवार को संगम की रेती पर स्नानार्थियों का रेला रहा। संगम सहित गंगा और यमुना के विभिन्न घाटों पर शहरियों के अतिरिक्त संतों और महात्माओं सहित देश के कोने-कोने से आए श्रद्धालुओं ने पुण्य की डुबकी लगाई। प्रशासन का दावा है कि मेले के 24 घाटों पर 3.56 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया। महाकुंभ-2025 की वसंत पंचमी पर 2.57 करोड़ श्रद्धालुओं ने स्नान किया था।माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि का संचरण बृहस्पतिवार रात में ही होने से शुक्रवार को स्नान का क्रम भोर से ही आरंभ हो गया। संगम नोज से वीआईपी घाट फिर नोज से दशाश्वमेध, झूंसी, अरैल और फाफामऊ के पास श्रद्धालुओं को बड़ा स्नान क्षेत्र मिला।बैरिकेडिंग लगाकर लोगों को स्नान के दौरान होने वाले संभावित खतरे से सचेत किया गया। घाटों पर आरएएफ तैनात रही। गंगा के दोनों तरफ बैरिकेडिंग लगाकर स्नान क्षेत्र का दायरा बढ़ाया गया ताकि भीड़ एक स्थान पर न रुके। बैरिकेडिंग के बाहर जल पुलिस की नाव और स्टीमर लगे रहे। उन पर पीएसी के जवान और गोताखोरों की टीम तैनात रही।

भीड़ का ज्यादा दबाव हर समय संगम नोज पर रहा। स्नान घाट के करीब कासे पर ही बैठकर लोगों ने घर से लाए गए लड्डू चूरा, सब्जी-पूड़ी का आनंद लिया। स्नान के दौरान मंडलायुक्त, डीएम, अपर पुलिस आयुक्त, मेलाधिकारी, एसपी मेला समेत अन्य अधिकारी भ्रमण शील रहे।श्रद्धालुओं ने रोक के बाद घाटों पर पूजन-अर्चन कर दीपदान भी किया। डुबकी लगाने वालों ने जल में ही खड़े होकर सूर्य को अर्घ्य भी दिया। श्रद्धालुओं को घाट किनारे घाटिये नहीं मिले तो संगम नोज और घाटों से थोड़ी दूर जाकर तिलक-चंदन लगवाया। पूजा करने के बाद गोदान का भी संकल्प लिया। अक्षयवट मार्ग के संगम छोर पर पुरोहित गोदान कराते दिखे। उधर, अक्षयवट और लेटे हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन के लिए भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जयकारों और मंत्रोच्चार से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा।

## ट्रंप ने जताई साजिश की आशंका, जेमी डिमॉन पर दायर किया 5 अरब डॉलर का केस



न्यूयॉर्क। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बैंकिंग क्षेत्र की दिग्गज जेपीमॉर्गन चेस और उसके सीईओ जेमी डिमॉन पर पांच अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया है। ट्रंप का आरोप है कि जनवरी 2021 में उनके पद छोड़ने के बाद जेपीमॉर्गन ने राजनीतिक कारणों से उन्हें और उनके व्यवसायों को बैंकिंग सेवाएं देना बंद कर दिया था।

फ्लोरिडा के मियामी-डेड काउंटी कोर्ट में दायर मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीमॉर्गन ने फरवरी 2021 में बिना किसी स्पष्टीकरण के मात्र 60 दिन के नोटिस पर कई खाते अचानक बंद कर दिए। ट्रंप का दावा है कि जेपीमॉर्गन और डिमोन के ऐसा करने से राष्ट्रपति और उनके व्यवसायों को लाखों डॉलर का नुकसान हुआ, उनके कामकाज में बाधा आई और ट्रंप तथा व्यवसायों को मजबूरन अन्य बैंकों में तत्काल खाते खोलने पड़े।मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि जेपीएमसी ने (ट्रंप और उनके व्यवसायों को) बैंकिंग सेवाओं से बाहर कर दिया क्योंकि उसका मानना था कि उस समय की राजनीतिक लहर ऐसा करने के पक्ष में थी। मुकदमे में ट्रंप ने आरोप लगाया कि बैंक ने जब उनके खाते बंद करना शुरू कर दिया तो उन्होंने व्यक्तिगत रूप से डिमोन के साथ इस मुद्दे को उठाने की कोशिश की और डिमोन ने ट्रंप को आश्वासन दिया था कि वह पता लगाएंगे कि क्या हो रहा है। मुकदमे में आरोप लगाया गया है कि डिमोन ने बाद में ट्रंप से संपर्क नहीं किया।

ट्रंप के वकीलों का आरोप है कि जेपीमॉर्गन ने राष्ट्रपति और उनकी कंपनियों को एक ऐसी काली सूची में डाल दिया जिसका इस्तेमाल जेपीमॉर्गन और अन्य बैंक भविष्य में ग्राहकों को अपने यहां खाते खोलने से रोकने के लिए करते हैं। एक बयान में जेपीमॉर्गन ने कहा कि उनका मानना है कि मुकदमे में कोई दम नहीं है।

## खतरनाक मुन्नाभाई एमबीबीएस : खुद ही काट लिया अपना पैर ताकि मिल जाए मेडिकल में दाखिला



उत्तर प्रदेश के जौनपुर से एक ऐसी खबर सामने आई है, जिसे जानने के बाद लोग यही कह रहे हैं कि कहां से आते हैं ऐसे लोग? दरअसल, जौनपुर के लाइन बाजार थाना क्षेत्र का रहने वाला सूरज भास्कर नीट की तैयारी कर रहा था। उसका लक्ष्य था कि किसी भी तरह से 2026 में क्वालिफाई करके एमबीबीएस में एडमिशन लेना है, लेकिन जब उसे लगा कि यह उससे नहीं हो पाएगा, तो उसने अपना दिमाग चलाया और अपने आप को दिव्यांग करने का फैसला किया। इसके बाद क्या था.. उसने खुद ही अपने पैर के पंजे काट लिए ताकि दिव्यांग कोटे से एमबीबीएस में एडमिशन पा सके।जौनपुर के सूरज ने पैर के पंजे काटने के बाद पुलिस और घरवालों को अपने ऊपर झूठे हमले की कहानी सुनाई। लेकिन, पुलिस जांच में पता चला कि युवक पर किसी बाहरी व्यक्ति ने हमला नहीं किया था और उसने खुद अपना पैर काटा था। युवक ने अपने बाएं पंजे की 4 अंगुलियां अलग कर दीं और सिर्फ अंगूठा छोड़ दिया। उसने साजिश की बात अपनी प्रेमिका को भी बताई थी, जिससे पुलिस ने जब पूछा तो सारा राज खुल गया। फिलहाल युवक का अस्पताल में इलाज चल रहा है।सूरज भास्कर (24) खलीलपुर का रहने वाला है। सूरज ने डी-फार्मा किया है और पिछले 3 साल से एमबीबीएस की तैयारी कर रहा है। 18 जनवरी की रात अपने निर्माणाधीन मकान में सो रहा था, जब दो अज्ञात लोगों ने उस पर हमला कर दिया। उन्होंने उसके साथ मारपीट की और उसका बाएं पैर का पंजा काट दिया, जिससे वह बेहोश हो गया। भोर करीब 5 बजे जब उसे होश आया, तो उसने देखा कि उसके पैर का पंजा कटा हुआ था। इसके बाद वह जिला अस्पताल पहुंचा। घरवालों की सूचना पर पुलिस पहुंची। घायल सूरज को पहले जिला अस्पताल और फिर पार्थ हॉस्पिटल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।

# अक्षय कुमार की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग कंप्लीट







बॉलीवुड खिलाड़ी स्टार अक्षय कुमार ने अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' की शूटिंग पूरी होने की आधिकारिक घोषणा सोशल मीडिया पर स्वयं एक पोस्ट के जरिए फैंस को क्रिसमस की बधाई देते हुए कर दी है। यह फिल्म सुपरहिट 'वेलकम' फ्रेंचाइजी की तीसरी किस्त है, जिसका फैंस लंबे समय से इंतजार कर रहे थे। फिल्म लगातार दो साल से टल रही थी।

अब आने वाले साल 2026 में रिलीज होने के लिए यह फिल्म पूरी तरह तैयार है। बॉलीवुड के चर्चित निर्देशक अहमद खान के निर्देशन में बनी इस फिल्म में लारा दत्ता, रवीना टंडन, सुनील शेट्टी, अरशद वारसी, तुषार कपूर, जॉनी लीवर, दिशा पटानी, जैकलीन फर्नांडीज, आफताब शिवदासानी और राजपाल यादव, श्रेयस तलपड़े, किकू शारदा, कृष्णा अभिषेक, राहुल देव के साथ-साथ सिंगर दलेर मेहंदी और मीका सिंह भी अहम भूमिकाओं में नजर आयेंगे।



# दो दीवाने सहर में' का टीजर रिलीज,! 20 फरवरी को रिलीज़ होगी फिल्म..!

ज़ी स्टूडियोज़ और भंसाली प्रोडक्शंस की नवीनतम फिल्म 'दो दीवाने सहर में' का फर्स्ट लुक बेहद अनोखे अंदाज़ में जारी किए जाने के बाद अब इस फिल्म का टीज़र मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया है। अदाकारा मृणाल ठाकुर और अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी स्टारर यह फिल्म एक खूबसूरत मॉडर्न लव स्टोरी है।

इस फिल्म की कहानी एक ऐसे प्यार की झलक देती है जो बिल्कुल रियल है, सरप्राइज़ से भरा हुआ है और सीधे दिल को छू जाता है। पूर्व में जहां फर्स्ट लुक ने दो इम्परफेक्ट लोगों के बीच परफेक्ट प्यार का सपना दिखाया था, वहीं टीज़र एक मॉडर्न रोमांस का वादा करता है, जो किसी ऐसी याद जैसा महसूस होता है जिसे आप जाने-अनजाने अब तक संभाले हुए थे।

इस फिल्म के टीज़र को और भी खास बनाता है मेकर्स का वह ऑथेंटिक टच, जिसमें आइकॉनिक गाना 'दो दीवाने सहर में' को परफेक्ट बैकड्रॉप के तौर पर इस्तेमाल किया गया है।

इसकी म्यूज़िक फीलिंग्स से भरपूर है और फिल्म की सुकून भरी लव थीम को बेहद खूबसूरती से कॉम्प्लीमेंट करता है। इसके अलावा,

सिद्धांत चतुर्वेदी और मृणाल ठाकुर की मैजिकल केमिस्ट्री दिल जीत लेने वाली लगती है। दोनों ऐसे किरदार निभा रहे हैं जो अभी खुद को समझने की जर्नी पर हैं, और लव स्टोरीज़ में ऐसा कम ही देखने को मिलता है। सच्चे रोमांस और इमोशनल गहराई के साथ, यह जोड़ी साल की सबसे दिल छू लेने वाली ऑन-स्क्रीन पेयरिंग्स में से एक बनकर उभरती नज़र आती है।'

दो दीवाने सहर में' 20 फरवरी को सभी सिनेमाघरों में रिलीज़ होने के लिए तैयार है। इस फिल्म का निर्देशन रवि उदया

वर ने किया है। इसे संजय लीला भंसाली, प्रेरणा सिंह, उमेश कुमार बंसल और भरत कुमार रंगा ने रवि उदयावर फिल्म्स के सहयोग से प्रोड्यूस किया है।

**प्रस्तुति- काली दास पाण्डेय**

# बढ़ रहा है आपके शरीर में यूरिक एसिड,.. इन तरीकों से करें तुरंत कंट्रोल



खराब खानपान और बिगड़ती लाइफस्टाइल का असर अब कम उम्र में ही काफी सीरियस दिक्कतों के रूप में सामने आने लगा है। हाई यूरिक एसिड भी इन्हीं परेशानियों में से एक है, जो आजकल युवाओ को भी प्रभावित कर रहा है। यह समस्या तब होती है जब शरीर में प्यूरीन रिच डाइट का अधिक सेवन किया जाता है। प्यूरीन कई तरह के खाद्य पदार्थों और ड्रिंक्स में पाया जाता है। सामान्य स्थिति में यूरिक एसिड खून में घुलकर किडनी के जरिए पेशाब के साथ बाहर निकल जाता है, लेकिन जब इसकी मात्रा बढ़ जाती है तो शरीर इसे ठीक से बाहर नहीं निकाल पाता और यह जोड़ों में क्रिस्टल के रूप में जमा होने लगता है।

जब शरीर में यूरिक एसिड का लेवल बढ़ जाता है, तो इस स्थिति को हाइपरयूरिसीमिया कहा जाता है। जोड़ों में यूरिक एसिड के क्रिस्टल जमा होने से गाउट का खतरा बढ़ जाता है, जो गठिया का ही एक प्रकार होता है। इसके अलावा हाई यूरिक एसिड किडनी स्टोन जैसी समस्याओं की वजह भी बन जाता है। अगर समय रहते इस पर ध्यान न दिया जाए तो जोड़ों में तेज दर्द, सूजन और चलने-फिरने में परेशानी होने लगती है।

हाई यूरिक एसिड का सबसे आम लक्षण जोड़ों में अचानक तेज दर्द होना है। यह दर्द अक्सर पैर के अंगूठे से शुरू होता है, लेकिन टखनों, घुटनों, कोहनी और उंगलियों तक भी फैल सकता है। दर्द वाली जगह लाल, सूजी हुई और छूने पर काफी सेंसिटिव हो जाती है।यूरिक एसिड बढ़ने से जोड़ों में स्टिफनेस महसूस होने लगती है। सूजन के कारण जोड़ों को मोड़ने या सीधा करने में परेशानी होती है और चलना-फिरना मुश्किल हो सकता है।

हाई यूरिक एसिड से जूझ रहे लोगों को अक्सर थकान महसूस होती है। शरीर लगातार सूजन से लड़ता रहता है, जिससे ज्यादा एनर्जी खर्च होती है और व्यक्ति दिनभर सुस्त-सुस्त महसूस करने लगता है।

पेशाब का रंग गहरा होना, धुंधलापन या तेज गंध आना भी हाई यूरिक एसिड का संकेत होते हैं। गंभीर मामलों में किडनी स्टोन के कारण कमर या पेट के किनारे दर्द, मतली और पेशाब में खून आने की शिकायत भी हो सकती है।

अगर लंबे समय तक हाई यूरिक एसिड का इलाज न किया जाए, तो शरीर में बिना दर्द वाली गांठें बन सकती हैं। इन्हें टोफी कहा जाता है, जो आमतौर पर उंगलियों, कोहनी या पैर के जोड़ों के आसपास दिखाई देती हैं।

हाई यूरिक एसिड को कंट्रोल करने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना बेहद जरूरी होता है। ज्यादा पानी पीने से यूरिक एसिड के क्रिस्टल पेशाब के साथ बाहर निकल जाते हैं और किडनी बेहतर तरीके से काम करती है। रोजाना कम से कम 8 से 10 गिलास पानी पीने की सलाह दी जाती है। इसके अलावा नारियल पानी और हर्बल टी भी फायदेमंद हो सकती है।यूरिक एसिड बढ़ाने वाले फूड्स से दूरी बनाना जरूरी होता है। रेड मीट, सी फूड, शराब खासकर बीयर, शुगर वाले ड्रिंक्स और ज्यादा फैट वाले डेयरी प्रोडक्ट्स से परहेज करें। डाइट में ताजे फल शामिल करें, खासतौर पर चेरी और सिट्रस फल जैसे संतरा और नींबू। हरी सब्जियां, साबुत अनाज, कम फैट वाला डेयरी फूड, नट्स और सीड्स का सेवन फायदेमंद माना जाता है।वजन बढ़ने से यूरिक एसिड की समस्या और गंभीर हो सकती है। रोजाना एक्सरसाइज करने से ब्लड सर्कुलेशन बेहतर होता है, सूजन कम होती है और किडनी बेहतर तरीके से काम करती है। रोजाना कम से कम 30 मिनट की वॉक हाई यूरिक एसिड को कंट्रोल करने में मदद कर सकती है।



# रात्रि जागरण में गई थी महिला, नहीं पहुंची वापस घर झाड़ियों में पड़ा मिला महिला का शव

**» थाना सेन पश्चिम पारा अन्तर्गत पुलिस अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का किया गया निरीक्षण**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। पुलिस उपायुक्त दक्षिण दीपेन्द्र नाथ चौधरी ने मीडिया को बताया कि 23 जनवरी सुबह लगभग 10 बजे स्थानीय थाना को सूचना मिली कि थाना सेन पश्चिम पारा के अंतर्गत राम रतन नगर मोहल्ला के पास झाड़ियों में एक महिला का शव पड़ा हुआ है, जिसे जानवरों द्वारा बुरी तरह से काटा हुआ है। सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय थाना पुलिस टीम, फॉरेंसिक टीम, संयुक्त पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था) आशुतोष कुमार, पुलिस उपायुक्त दक्षिण तथा अपर पुलिस उपायुक्त दक्षिण द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। फॉरेंसिक टीम द्वारा घटनास्थल का गहन निरीक्षण किया गया तथा शव का भी परीक्षण किया गया। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत यह स्पष्ट हो सकेगा कि घटना में बलात्कार जैसी कोई बात शामिल है अथवा नहीं।वर्तमान में परिजनों द्वारा कोई तहरीर नहीं दी गई है। जैसे ही परिजन तहरीर देंगे, उसके आधार पर एफआईआर पंजीकृत की जाएगी तथा शीघ्र ही घटना का अनावरण किया जाएगा।जानकारी के अनुसार, महिला अपने घर से लगभग 200 मीटर की दूरी पर स्थित एक मंदिर में चल रहे जागरण कार्यक्रम में गई थी। शाम को वह वहां से घर लौटने के लिए निकली, लेकिन अपने घर नहीं पहुंची। महिला के पति घर पर ही रहते हैं, जिन्होंने रात्रि में उसकी तलाश करने का प्रयास किया, किंतु उस समय पुलिस को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई। आज सुबह घटना की जानकारी मिली है।

पुलिस की टीमें सक्रिय हैं। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा सभी संभावित पहलुओं पर गहनता से विचार किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कोडीन कफ सिरप मामले में 50 हजार का इनामी विनोद अग्रवाल गिरफ्तार, पुलिस ने जारी किया था लुक आउट नोटिस

» बीपीएस न्यूज



कानपुर।प्रतिबंधित कोडीन कफ सिरप मामले के 12 मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक विनोद अग्रवाल को क्राइम ब्रांच व थाना कलक्टरगंज पुलिस टीम ने गिरफ्तार कर लिया है। उसे रविवार को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले से पकड़ा गया है। उस पर 50 हजार का इनाम था। फीलखाना थाना क्षेत्र के पटकापुर निवासी विनोद अग्रवाल मेसर्स अग्रवाल ब्रदर्स का संचालक है। उस पर 65 से ज्यादा फर्जी फर्म बनाकर यूपी हरियाणा, दिल्ली व राजस्थान समेत 12 राज्यों में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री करने का आरोप है। खाद्य आयुक्त की चार टीमों ने बिरहाना रोड स्थित उसकी दुकान और कोपरगंज स्थित गोदाम में छापा मारकर करोड़ों रुपये का कोडीन युक्त कफ सिरप और ट्रामाडोल टैबलेट्स जब्त की थीं।

जांच से पता चला कि आरोपी औषधि लाइसेंस की आड़ में एनडीपीएस श्रेणी से संबंधित दवाओं की लंबे समय से बिक्री कर रहा था। इसके बाद औषधि निरीक्षक ने कलक्टरगंज थाने में आरोपी विनोद और उसके बेटे शिवम अग्रवाल आदि के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उनकी फर्म के पास बिक्री और वितरण से जुड़े साक्ष्य नहीं मिले थे। इसके बाद 12 नवंबर से आरोपी पिता-पुत्र भूमिगत हो गए थे। तीन जनवरी को हरियाणा में कारोबारी साझेदार के घर वाईफाई से व्हाट्सएप चलाया था। तभी क्राइम ब्रांच को उसके वहां होने का सुराग मिला। टीम पहुंचने से पहले उसने ठिकाना बदल लिया पर टीम ने जाल बिछाकर उसे पकड़ लिया।

करीब दो माह पहले एक के बाद एक कई मेडिकल स्टोर में प्रतिबंधित दवाएं मिलने के बाद औषधि निरीक्षकों ने कलक्टरगंज थाने में चार, रायपुरवा, कल्याणपुर, हनुमंत विहार थाने में एक-एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इनमें अनमोल गुप्ता, मंजू शर्मा, अभिषेक शर्मा व वेद प्रकाश शिवहरे और सुमित केसरवानी आदि को आरोपी बनाया गया। पहले मामले की विवेचना थाना स्तर पर हो रही थी। इसके बाद एसआईटी का गठन किया गया और विवेचना क्राइम ब्रांच को स्थानांतरित कर दी गई थी। इसके बाद से क्राइम ब्रांच आरोपी की तलाश में जुट गई थी। कलक्टरगंज थानाध्यक्ष विनय तिवारी ने बताया कि आरोपी को सोमवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जाएगा।विनोद अग्रवाल को हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले के नारनौल से गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की भी तलाश में टीमें लगी हैं।

# उत्तर प्रदेश दिवस 2026 के अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह रोकने की दिलाई गई शपथ

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय बालिका दिवस - 2026 एवम उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर छत्रपति शिवाजी महाराज विश्वविद्यालय जनपद कानपुर नगर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर नगर के सांसद रमेश अवस्थी, जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह, सीडीओ दीक्षा जैन, कल्याणपुर विधायक नीलिमा कटियार, घाटमपुर विधायक सरोज कुरील आदि सम्मानित लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम मे उपस्थित सभी आमजनमानस को विभाग की योजनाओं के पैम्पलेट वितरित करते हुए विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं से अवगत कराया गया तथा विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा योजनाओं के उद्देश्यों, लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के कर कमलों के द्वारा बाल सेवा योजना सामान्य योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।कार्यक्रम मे महिला कल्याण विभाग द्वारा उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत बाल विवाह न करेंगे न करने देंगे जागरूक करके एवं बाल विवाह मुक्त भारत हेतु शपथ ग्रहण भी कराया गया।

# आवास पर मृत मिले प्रभारी चिकित्साधिकारी, जमीन पर पड़ा था शव



» बीपीएस न्यूज

कन्नौज।प्रभारी चिकित्साधिकारी ने शनिवार रात 12 बजे तक इमरजेंसी में ड्यूटी की थी। पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव निकाला। परिजन को सूचना दी गई।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बने आवास में रविवार शाम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मृत अवस्था में जमीन पर पड़े मिले। स्वास्थ्य कर्मियों की सूचना पाकर मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि चिकित्सक करीब 20 घंटे से बाहर नहीं निकले थे। पुलिस घटना की जांच कर रही है। कर्मचारियों के अनुसार चिकित्सक का पत्नी से कई साल से विवाद चल रहा था।

कस्बा के सीएचसी पर पिछले 10 वर्षों से तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. शशांक श्रीवास्तव (50) शनिवार की रात करीब 12 बजे मेडिकल रिपोर्ट तैयार कर आवास पर चले गए थे। रविवार सुबह जब सफाई कर्मचारी आवास पर पहुंचा तो दरवाजा न खुलने पर वह वापस लौट आया। दिन भर जब डॉ. शशांका आवास से बाहर नहीं आए तो स्वास्थ्य कर्मियों को चिंता हुई। उनके मोबाइल पर घंटी जा रही थी लेकिन कॉल रिसीव नहीं हो रही थी। शाम करीब साढ़े सात बजे दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया लेकिन कोई आवाज नहीं आई। कर्मचारियों ने खिड़की से झांककर देखा तो उनका शव जमीन पर पड़ा दिखा।सूचना पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज दीपक चौधरी ने दरवाजा तोड़कर चिकित्सक के शव को बाहर निकाला। वहीं कर्मियों ने सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता व एमओआईसी डॉ. कुमारिल मैत्रेय को इसकी जानकारी दी। कर्मचारियों ने बताया कि डॉ. शशांक का उनकी पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था। इससे वह लंबे समय से बीमार भी चल रहे थे। चिकित्सक मूलरूप से उत्तराखंड के देहरादून के निवासी बताए जा रहे हैं। उनके माता-पिता लखनऊ में रह रहे हैं। चिकित्सक की मौत से स्वास्थ्य कर्मियों में खलबली है। चिकित्सक के एक पुत्र व पुत्री है। प्रभारी निरीक्षक अजय अवस्थी ने बताया कि परिजन को सूचना दे दी गई है। पोस्टमार्टम के बाद मौत का कारण पता चलेगा। घटना की जांच की जा रही है।

13 साल पहले इसी आवास पर मृत मिला था लिपिक

गुरसहायगंज सीएचसी परिसर में बने इसी आवास में 13 साल पहले 2012 में लिपिक जगदीश चंद्र का शव भी पड़ा मिला था। वह मूलरूप से हरदोई जिले के रहने वाले थे। उनकी मौत कैसे हुई यह आज भी रहस्य बना हुआ है। अब डॉ. शशांक श्रीवास्तव का शव इसी आवास में मिलने से खलबली मच गई। सीएमओ डॉ. स्वदेश गुप्ता ने बताया कि घटना की विभागीय जांच भी कराई जाएगी।

# पैदल कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

» बीपीएस न्यूज

**कानपुर देहात। रसूलाबाद कस्बे के आज़ाद नगर वार्ड में सप्तम दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा एवं श्रीराम कथा का शुभारंभ भव्य पैदल कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में महिलाओं, बच्चों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।**



श्रीमद्भागवत कथा पंडाल से महिलाओं व बच्चों ने सिर पर कलश लेकर पैदल यात्रा प्रारंभ की। कलश यात्रा झींझक रोड तिराहा से होते हुए मुख्य चौराहा पहुँची

और गांधी नगर स्थित रतनपुर रजबहे के घाट पर समाप्त हुई। यहाँ पंडित अजय पांडेय ने विधिविधान से पूजन कर कलशों में पवित्र जल भरवाया। इसके पश्चात गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा पुनः आज़ाद नगर स्थित दुर्गा देवी मंदिर परिसर में बने श्रीमद्भागवत कथा पंडाल पहुँची।

मुख्य कथा वाचक पंडित विनोद कुमार द्विवेदी ने गणपति पूजन कर श्रीमद्भागवत कथा का विधिवत शुभारंभ कराया। परीक्षित अरुण कुमार उर्फ मुन्ना कुशवाहा, गीता देवी, मुरारी लाल कुशवाहा, रामचंद्र कुशवाहा, सपा जिला कोषाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, वीरू कुशवाहा, विपिन मिश्रा, पंडित रामशंकर पांडेय, प्रधान अजय यादव, माधुरी गुप्ता, रामकुमार वर्मा, रामसेवक कुशवाहा, सिंधबाज कुशवाहा, निखिल कुशवाहा, प्रेम, रामकिशन कुशवाहा, शेर सिंह कुशवाहा, केशव कुशवाहा आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# पुखरायां स्टेशन पार्क में 100 फीट ऊंचा राष्ट्रीय ध्वज लगाया

पुखरायां। रेलवे स्टेशन पार्क में 100 फीट ऊंचा तिरंगा ध्वज लगाया गया। पुखरायां स्टेशन का उच्चीकरण अमृत भारत योजना के तहत कराया गया है। राष्ट्रीय रेलवे सलाहकार समिति के पूर्व सदस्य शेख मोहम्मद ने बताया कि पार्क को पहले से अधिक खूबसूरत बनाया गया है। झांसी मंडल के डीआरएम अनुरुद्ध कुमार ने 25 जनवरी तक सभी अमृत भारत के तहत चयनित स्टेशनों पर राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। रेलवे बिजली विभाग उरई के अवर अभिंयता मोहित शुक्ला ने बताया कि यह जिम्मेदार बिजली विभाग को दी गई थी। जिसके तहत राष्ट्रीय ध्वज लगाया गया है। व्यापारी संदीप गौड़, अमित मिश्र, सभासद प्रमोद उर्फ काला ठाकुर ने बताया कि नगरपालिका की ओर से गत वर्ष पटेल चौक पर राष्ट्रीय ध्वज लगवाया था। अब स्टेशन परिसर में भी राष्ट्रीय ध्वज लगाए जाने से पुखरायां की खूबसूरती बढ़ गई है।

# कीटनाशक दवा पीने से युवक की हालत बिगड़ी

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में कीटनाशक दवा पी ली, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे उपचार के लिए महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रसूलाबाद में भर्ती कराया। पीड़ित की पहचान अमन निवासी कछपुरवा के रूप में हुई है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक घायल

» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र में रतनपुर निवासी एक युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस की मदद से घायल को महाराणा प्रताप सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, रसूलाबाद लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसका उपचार किया गया। घायल की पहचान ज्वाला निवासी रतनपुर के रूप में हुई है।

# गणतंत्र दिवस परेड का रिहर्सल देखा, दिए कई निर्देश

**एसपी ने कहा सुरक्षा, यातायात की व्यवस्था मजबूत रहे**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर देहात। पुलिस अधीक्षक श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस पर होने वाली रैतिक परेड की रिहर्सल का रिज़र्व पुलिस लाइन निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस की विभिन्न टुकड़ियों, होमगार्ड्स तथा एनसीसी के छात्र-छात्राओं द्वारा अपनी-अपनी मार्च-पास्ट एवं प्रस्तुतियों का अनुशासित एवं सराहनीय प्रदर्शन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि 26 जनवरी के अवसर पर सुरक्षा, यातायात, चिकित्सा व आपातकालीन सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। अपर पुलिस अधीक्षक राजेश पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी लाइन्स सिकन्दरा प्रिया सिंह, क्षेत्राधिकारी रसूलाबाद, प्रतिसार निरीक्षक, अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर मां गायत्री हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर ने मनाया 19वां वार्षिकोत्सव

**» आम जनमानस के लिए निशुल्क स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया, कैंप में आए हुए मरीजों की मुफ्त जांच कर निशुल्क दवायें दी गई, आए हुए मरीजों व राहगीरों को खिचड़ी का भोज भी कराया गया**




» बीपीएस न्यूज

कानपुर। हंसपुरम, गल्ला मंडी, नौबस्ता स्थित मां गायत्री हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर ने 19वां वार्षिक उत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। अस्पताल के बाहर निशुल्क स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया। कैंप में अनुभवी डॉक्टरों ने निशुल्क मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। साथ ही जरूरतमंद मरीजों को डॉक्टरों द्वारा फ्री में दवाएं दी गई ।अस्पताल के संस्थापक डॉ. वी.के. साहू के पिता श्री प्रकाश दास संत जी कबीर पंक्ति ने फीता काटकर निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का उद्घाटन किया। वही हर वर्ष की तरह इस बार भी अस्पताल के 19वीं वर्षगांठ में आए हुए अतिथियों, मरीजों व राहगीरों को गरम-गरम खिचड़ी का भोज कराया गया ।अस्पताल के संस्थापक डॉक्टर वी.के. साहू ने बताया की हॉस्पिटल एवं ट्रामा सेंटर को 19 वर्ष पूरे हो चुके हैं और 19वां वार्षिक उत्सव मनाया जा रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी निशुल्क स्वास्थ्य चेकअप कैंप लगाया गया है। स्वास्थ्य कैंप में अनुभवी डॉक्टरों द्वारा मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है। और कैंप में आए हुए मरीजों को कुछ दवायें निशुल्क भी दी जा रही है। स्वास्थ्य कैंप में आए हुए अतिथियों व मरीजों को खिचड़ी का भोज भी कराया जा रहा है। यह हम लगातार 19 वर्षों से करते आ रहे है।



हैलट अस्पताल की बदहाली

# जच्चा-बच्चा वार्ड में घुसा कुत्ता

**» सुरक्षा पर सवाल,तीमारदारों में खौफ; प्रशासन की सुस्ती**



» बीपीएस न्यूज

कानपुर। हैलट के जच्चा-बच्चा विभाग में आवारा कुत्ते के घुसने से सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यह घटना सुप्रीम कोर्ट के उन निर्देशों का सीधा उल्लंघन है, जिसमें अस्पतालों को आवारा पशुओं से मुक्त रखने की बात की गई है। कानपुर के हैलट अस्पताल के जच्चा-बच्चा विभाग में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक आवारा कुत्ता वार्ड के अंदर घुस गया। मरीजों और तीमारदारों में डर का माहौल बन गया। सूचना पर अस्पताल कर्मचारियों ने कुत्ते को बाहर निकलवाया, लेकिन घटना ने अस्पताल की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट समय-समय पर अस्पतालों और सार्वजनिक स्थानों पर आवारा पशुओं को लेकर सख्त निर्देश दे चुका है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि अस्पताल, स्कूल और संवेदनशील संस्थानों में आवारा कुत्तों की मौजूदगी किसी भी हाल में स्वीकार्य नहीं है। कोर्ट के निर्देशानुसार, नगर निगम और स्थानीय प्रशासन की जिम्मेदारी है कि ऐसे स्थानों को सुरक्षित रखा जाए और आवारा पशुओं की आवाजाही रोकी जाए।

## घर से कोचिंग के लिए निकली इंटर की छात्रा लापता

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। हनुमंत विहार थाना क्षेत्र के राजेंद्रनगर इलाके में रहने वाली इंटर की छात्रा बीते पांच दिनों से लापता है। उसके पिता ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस छात्रा की तलाश में जुटी है। छात्रा के पिता प्राइवेट कर्मी हैं। दर्ज रिपोर्ट के अनुसार 19 जनवरी को बेटी रोज की तरह शाम 4~30 बजे कोचिंग पढ़ने गई थी फिर नहीं लौटी। बेटी के पास एक मोबाइल है जो बंद है। थानाध्यक्ष राजीव सिंह ने बताया कि छात्रा की तलाश के लिए फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# मुठभेड़ में घायल हुआ महिला दरोगा का लुटेरा, पैर में लगी गोली

**» अस्पताल में भर्ती, तमंचा और बाइक बरामद**

» बीपीएस न्यूज



कानपुर । कल्याणपुर पुलिस ने बारा सिरोही नहर के पास मुठभेड़ के बाद रिटायर्ड महिला दरोगा से चेन लूटने वाले शातिर लुटेरे धनराज को गिरफ्तार कर लिया है। डीसीपी पश्चिम एसएम कासिम आबिदी ने बताया कि मुठभेड़ में लुटेरे नियाज अहमद के साथी शामली निवासी धनराज उर्फ विजय को गिरफ्तार किया गया है। उसके खिलाफ एक दर्जन मुकदमे पहले से दर्ज हैं।

कानपुर में कल्याणपुर के बारा सिरोही नहर के पास रविवार भोर मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे रियाज अहमद के साथी धनराज उर्फ विजय को पुलिस ने दबोच लिया। लुटेरे ने रियाज अहमद के साथ मिलकर 17 दिन पहले रिटायर्ड महिला दरोगा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने रियाज को बुधवार देर रात रावतपुर में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

रावतपुर के केशवपुरम निवासी डिप्टी जेलर ज्ञानेंद्र स्वरूप दुबे की पत्नी सीबीसीआइडी से रिटायर्ड दरोगा मंजूलता दुबे के साथ बीते आठ जनवरी को घर के बाहर से चेन लूट कर शातिर भाग निकले थे। खुलासे के लिए पुलिस की सात टीमें लगाई गई थीं। पुलिस ने थाना स्तर से गैर जिलो तक लुटेरों की तलाश में लगी रही। सर्विलांस और टावर लोकेशन की मदद ली।

दर्जनों होटल-लॉज के अलावा लोकल नेटवर्क की जांच हुई। करीब एक हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे खंगाल डाले। 100 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की गई थी। सघन चेकिंग के दौरान बीते बुधवार देर रात पुलिस ने रावतपुर के दलहन रोड पर मुठभेड़ के दौरान शातिर लुटेरे मूलरूप से गोंडा के पश्चिम कर्नलगंज के सकरउरा गांव निवासी नियाज अहमद को गिरफ्तार किया था।

एक के पैर में लगी गोली, साथी फरार वहीं, उसके दो साथी भाग निकले थे। रविवार को कल्याणपुर पुलिस और क्राइम ब्रांच टीम की कल्याणपुर के बारा सिरोही नहर पुल के पास लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने सघन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोका, तो बाइक सवार युवक ने पुलिस टीम पर फायर झोंक दिया। इसके बाद जवाबी कार्रवाई में एक लुटेरे के पैर में गोली लगी, जबकि उसका साथी मौके से भाग निकला।

पकड़े गए युवक की पहचान शामली जिले के झिंझाना निवासी शातिर लुटेरे धनराज उर्फ विजय के रूप में हुई। शातिर ने लुटेरे नियाज अहमद के साथ मिलकर रिटायर्ड महिला के साथ हुई लूट की घटना कुबूल की है। उसके पास से देशी तमंचा और करतूस बरामद हुआ है। वो बाइक भी बरामद हुई है, जिसे महिला के साथ लूट में इस्तेमाल किया गया था। पुलिस ने घायल लुटेरे को इलाज के लिए सीएचसी भेजा और पूछताछ में जुटी है।

# मेहरबान सिंह पुरवा में दंगल: खुद अखाड़े में उतरे डिप्टी सीएम

» बीपीएस न्यूज



कानपुर। कानपुर के मेहरबान सिंह पुरवा में रविवार को आयोजित दंगल में अद्भुत नजारा देखने को मिला, जब प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक खुद को रोक नहीं पाए और सीधे अखाड़े के बीच पहुंच गए। स्व. चौधरी हरमोहन सिंह यादव की पुण्य स्मृति में आयोजित इस दंगल में डिप्टी सीएम ने न केवल पहलवानों का हाथ मिलवाया, बल्कि हाथ में माइक थामकर खुद कुश्ती का संचालन और कॉमेंट्री भी की। जैसे ही उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक सफेद कुर्ता-पायजामा पहने अखाड़े की मिट्टी के बीच पहुंचे, पूरे मैदान में भारत माता की जय के नारे गूंज उठे। उन्होंने दिल्ली के दिग्गज आशीष पहलवान और हरियाणा के जोंटी पहलवान के बीच होने वाले मुकाबले का संचालन किया। डिप्टी सीएम को कॉमेंट्री करते देख दंगल देख रहे हजारों दर्शक रोमांचित हो उठे। उन्होंने पहलवानों का उत्साह बढ़ाते हुए दांव-पेंचों की बारीकियों पर भी टिप्पणी की।

**चौधरी हरमोहन सिंह यादव दी श्रद्धांजलि**

इससे पूर्व उपमुख्यमंत्री ने स्वर्गीय चौधरी हरमोहन सिंह यादव के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। उन्होंने कहा कि दंगल हमारी प्राचीन संस्कृति का हिस्सा है और चौधरी साहब ने हमेशा मिट्टी से जुड़े खेलों को बढ़ावा दिया। पहलवानों का हौसला बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती ने देश को महान पहलवान दिए हैं और सरकार खेल प्रतिभाओं को निखारने के लिए संकल्पित है।

**आशीष और जोंटी के बीच जोरदार भिड़ंत**

मैदान में दिल्ली के आशीष और हरियाणा के जोंटी पहलवान के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। डिप्टी सीएम की मौजूदगी और उनके शब्दों ने अखाड़े में बिजली सी भर दी। दोनों पहलवानों ने एक-दूसरे को चित करने के लिए शानदार दांव-पेंच दिखाए।

# एलडीबी के चुनाव में भाजपा का दबदबा, कानपुर के चार निर्दलीय

» बीपीएस न्यूज

कानपुर। भूमि विकास बैंक (एलडीबी) के डायरेक्टर पद पर इस बार भाजपा का दबदबा रहा। जिले की चारों सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों ने निर्विरोध जीत हासिल की। इसमें कानपुर नगर से राजेश सिंह, बिल्हौर से रामशरण कटियार, घाटमपुर से सुमनलता सचान, चौबेपुर से सुरेंद्र दीक्षित चुने गए हैं। इसी तरह कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र से जुड़े सभी जिलों की बात करें तो कुल 45 सीटों में से 41 पर भाजपा निर्विरोध रही है। इटावा की तीन सीटों पर पहली बार मतदान हो रहा है। इससे पहले यहां की सभी सीटों पर सपा का कब्जा रहता था। बताया जाता है कि अभी तक इटावा में सपा को छोड़कर दूसरी पार्टियों की ओर से कोई नामांकन भी नहीं कराता था। पहली बार ऐसा हुआ है कि भाजपा और सपा आमने-सामने हैं। इसी तरह कानपुर-बुंदेलखंड क्षेत्र में आने वाले एक सीट झांसी की मऊरानीपुर का चुनाव किसी वजह से निरस्त हो चुका है। इन सभी सीटों पर अभी परिणाम घोषित नहीं किया गया है। इटावा में चुनाव 27-28 जनवरी के बीच होने के बाद ही सभी सीटों का परिणाम औपचारिक रूप से घोषित किया जाएगा।कानपुर नगर की बात करें तो यहां पर चार सीटों में से पिछली बार दो सीटों घाटमपुर और चौबेपुर में चुनाव ही नहीं हुआ था। इस बार बिल्हौर और कानपुर नगर मिलाकर सभी पर चुनाव हुआ। भूमि विकास बैंक के डायरेक्टर पद के चुनाव से राजनीतिक दलों की स्थिति में बहुत ज्यादा असर तो नहीं पड़ता है लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में मतदाताओं का रुख समझ में आता है। माना यही गया है कि जो राजनीतिक दल सत्ता में होता है, ज्यादातर उसी के लोग जीत हासिल करते हैं।

सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकानाएं




सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकानाएं




सभी नगरवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकानाएं







बीपीएस न्यूज
(साप्ताहिक समाचार पत्र)
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/2016/66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, संपादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502, व्हाट्सअप 9335908846
email:bps.knp786@gmail.com, info@bpsnews.in , www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओ की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनो के अंदर भेजे।